# दीप कमल

दिसंबर -2024, ₹ 10.00




## जनादेश परब

# विश्वास वर्ष



# आत्मीय अभिनंदन









# दीप कमल

**वर्ष-20, अंक-12, दिसंबर 2024**

**संपादक**
पंकज कुमार झा

**प्रबंध संपादक**
हेमंत पाणिग्रही

मुद्रक एवं प्रकाशक
**किरण देव** द्वारा, भारतीय जनता पार्टी, छत्तीसगढ़ के लिए, विश्व परिवार से मुद्रित एवं कुशाभाऊ ठाकरे परिसर, बोरियाकला, रायपुर से प्रकाशित।

पत्रिका दीप कमल के इस अंक का पीडीएफ प्राप्त करने के लिए कृपया QR कोड स्कैन करें।

www.deepkamal.online

**स्वत्वाधिकारी**
भारतीय जनता पार्टी, छत्तीसगढ़



mydeepkamal@gmail.com
0771-2233500, 2233511
92016-33511


# सोशल मीडिया से

**Narendra Modi**
Nov 23

Glimpses from the Bharatiya Janata Party (BJP) HQ this evening...

I bow to the hardworking Karyakartas for their devotion. The BJP-NDA is fully committed to fulfilling people's dreams and empowering the poor.



**J.P.Nadda**
20h

आरएसएस के वरिष्ठ स्वयंसेवक, लोकतंत्र सेनानी एवं भाजपा परिवार के वरिष्ठ नेता, पूर्व राज्यसभा सदस्य स्व. गोपाल व्यास जी के रायपुर स्थित निवास पर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए और परिजनों से भेंट की।

आजीवन राष्ट्रप्रथम के प्रति संकल्पित व्यास जी ने देशवासियों में सांस्कृतिक मूल्यों के प्रति जागरण लाने और युवाओं को देशहित के कार्यों से जोड़ने में उल्लेखनीय योगदान दिया है।

संगठन के विस्तार और जनसेवा के लिए उनका समर्पण अविस्मरणीय है। व्यास जी का कृतित्व एवं व्यक्तित्व हम सभी के लिए सदैव प्रेरणीय है।



**Amit Shah**
@AmitShah
Following

आज छत्तीसगढ़ के जगदलपुर में नक्सल प्रभावित लोगों और हथियार डालकर मुख्यधारा में शामिल हुए लोगों से मुलाकात की।

नक्सलवाद ने दशकों तक देश की बड़ी आबादी को उनके मौलिक अधिकारों से न केवल वंचित रखा, बल्कि अमानवीयता की सारी हदें पार कर उनके जीवन को कुप्रभावित किया। युवाओं के मन में भय और लालच के बीज बोकर उन्हें हिंसा के रास्ते पर ले जाने वाले नक्सली समाज के सबसे बड़े दुश्मन हैं।

मोदी जी के नेतृत्व में हमारी सरकार नक्सल प्रभावित लोगों और हिंसा छोड़कर मुख्यधारा में आए युवाओं के सशक्तीकरण और चहुँमुखी विकास के लिए कटिबद्ध है।

Translate post



**Vishnu Deo Sai**
22h

आज प्रदेश भाजपा कार्यालय, कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में भाजपा के पितृ पुरुषों और राजमाता की स्मृति में नवनिर्मित "स्मृति मंदिर" का आदरणीय राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री श्री जगत प्रकाश नड्डा जी ने लोकार्पण किया।

यह स्मृति मंदिर भाजपा नेताओं, जनप्रतिनिधियों और प्रदेश के असंख्य कार्यकर्ताओं को जनसेवा और अंत्योदय की प्रेरणा देगी और राष्ट्रवाद की भावना जाग्रत करेगी।

J.P.Nadda



**Kiran Singh Deo**
1d

छत्तीसगढ़ में सुशासन सरकार के सफलतम एक वर्ष पूरे होने पर आज "जनादेश परब" के अवसर पर मुख्यमंत्री निवास में प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री माननीय श्री Vishnu Deo Sai जी से मिलकर उन्हें शुभकामनाएं प्रेषित की।

इस दौरान कैबिनेट मंत्री श्री Kedar Kashyap जी, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष श्री Bhupendra Sawanni जी, प्रदेश महामंत्री श्री Sanjay Shrivastava जी, श्री रामू रोहरा जी, रायपुर संभाग प्रभारी श्री Saurabh Singh जी सहित अन्य पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

#जनादेश_परब



**Arun Sao**
Dec 4

विधानसभा चुनाव 2023 में भाजपा की ऐतिहासिक जीत के एक वर्ष पूरे होने पर प्रदेश भाजपा कार्यालय में आयोजित "जनादेश दिवस" उत्सव में मा. मुख्यमंत्री श्री Vishnu Deo Sai जी के साथ सम्मिलित हुआ।

इस अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ स्वर्णिम दिवस की खुशियां बाँटी।

📍कुशाभाऊ ठाकरे परिसर,रायपुर



संपादकीय

## सुशासन के एक वर्ष

# ... लोक विश्वास से अटल निर्माण तक की गाथा!



भारतीय जनता पार्टी की विष्णुदेव साय जी की सरकार ने अपने कार्यकाल का एक वर्ष पूरा कर लिया है। इस एक वर्ष को शासन ने 'जनादेश परब' के रूप में मनाया है। 3 दिसंबर से लेकर 13 दिसंबर तक अर्थात 2023 के चुनाव परिणाम परिणाम से लेकर प्रदेश में श्री विष्णुदेव साय जी के नेतृत्व में सरकार के शपथ ग्रहण तक की तिथि का यह समय शासन ने इस परब को समर्पित किया था, जिसमें परिणाम के दिन को शासन ने 'जनादेश दिवस' के रूप में मनाते



भये प्रगट कृपाला दीनदयाला...

हुए छत्तीसगढ़ की तीन करोड़ जनता का धन्यवाद ज्ञापन किया।

इसी तरह एक वर्ष पूरे होने की पूर्व संध्या पर एक ऐतिहासिक प्रेस वार्ता आयोजित कर अपने पूरे कैबिनेट के साथ मुख्यमंत्री जी ने पत्रकार मित्रों के माध्यम से अपना 'रिपोर्ट कार्ड' जनता के बीच रखा। यह देश में पहला अवसर रहा होगा जब किसी सरकार ने इस तरह अपने कार्यों का लेखा-जोखा सीधे जनता को दिया हो। अगले ही दिन हजारों की संख्या में उपस्थित छत्तीसगढ़िया जनसमूह के मध्य भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केन्द्रीय मंत्री श्री जगत प्रकाश नड्डा ने भी प्रदेश भाजपा सरकार की भूरि-भूरि सराहना की।

भाजपा सरकार ने शासन के इस वर्ष को 'विश्वास का वर्ष' घोषित किया। विश्वास का इसलिए क्योंकि कांग्रेस की भूपेश सरकार ने सबसे अधिक कुठाराघात इस 'विश्वास' पर ही किया था। अनेक तरह की ऊल-जुलूल बातें करते हुए कांग्रेस ने अपने 2018 के घोषणा पत्र में जनादेश प्राप्त किया। सरकार में आने पर बड़े ही नृशंस तरीके से न केवल वह अपने सभी वादों से मुकर गयी थी, बल्कि लूट-भ्रष्टाचार और अपनी विफलता का एक स्मारक सा उसने खड़ा कर लिया था। ऐसे समय में जनता बिल्कुल ठगा सा महसूस कर रही थी। मतदाताओं को लगने लगा था कि उनकी नियति हो गयी है इस तरह ठग लिए जाने की। किसी भी लोकतंत्र में यह स्थिति अच्छी नहीं मानी जा सकती जहां राजनीतिक दल जनता का विश्वास खो दे।

इसके उलट भाजपा लगातार एक जिम्मेदार विपक्ष की भूमिका पांच वर्ष निभा कर, नए सिरे से जनता के पास गयी। उसने पूरी निष्ठा के साथ जनता से वही वादे किये, जिसे निभाना संभव था। बकायदा घोषणा पत्र समिति के भीतर एक 'वित्त प्राक्कलन समिति' बना कर भाजपा ने पार्टी द्वारा किये जाने वाले सभी वादों का परीक्षण कराया, फिर उन वादों को लेकर जनता के बीच गयी। ऐतिहासिक जनादेश पा कर, अपने दायित्व को विनम्रता से स्वीकार कर काम में जुट गयी। आज जब सेवा के एक वर्ष पूरे हुए हैं, तब पार्टी और सरकार के पास उत्सव मनाने के अनेक कारण हैं, जिन्हें एक वाक्य में कहा जाय तो उसने जनता के खोये भरोसे को बहाल किया गया है। इसीलिए सरकार ने विगत वर्ष को विश्वास वर्ष घोषित किया है।

साय सरकार के कार्यों पर मुहर तब विशेष तौर पर लगी जब राजधानी रायपुर के दक्षिण विधानसभा क्षेत्र में हुए उपचुनाव में पार्टी को शानदार जीत हासिल हुई। क्योंकि किसी भी प्रदेश की राजधानी में सामान्यतः समूचे प्रदेश से आये लोग रहते हैं, अतः इस उपचुनाव परिणाम को पूरे प्रदेश के जनमत का एक सैम्पल सर्वे तो कह ही सकते हैं। इसी तरह महाराष्ट्र और हरियाणा विधानसभा चुनाव के साथ ही कई प्रदेश में उपचुनाव में पार्टी की शानदार जीत का उपहार भी भाजपा के लिए उत्साह बढ़ने वाला है। बहरहाल।

विष्णुदेव साय जी की सरकार ने तय किया है कि वह हर वर्ष इसी तरह 'जनादेश परब' मनायेगी जिसमें 3 दिसंबर का दिन 'जनादेश दिवस' होगा। जिस तरह यह वर्ष विश्वास के लिए समर्पित रहा, उसी तरह आने वाला वर्ष 'अटल निर्माण वर्ष' घोषित किया है मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने। छत्तीसगढ़ निर्माता भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी की यह जन्मशती है। इस अवसर पर अटलजी को समर्पित वर्ष घोषित करना उन्हें कृतज्ञ प्रदेश की तरफ से विनम्र श्रद्धांजलि की तरह ही व्याख्यायित किया जाना चाहिए।

अटलजी ने अपने शासनकाल में देश में अधोसंरचना के क्षेत्र में ऐतिहासिक कार्य किये थे। प्रदेश निर्माता अटलजी के उन्हीं कृतित्वों से प्रेरणा लेकर भाजपा सरकार प्रदेश के बुनियादी ढाँचे को शिखर पर लेकर जायेगी। सड़क, पूल-पुलिया, समेत सभी तरह के निर्माण का कार्य इस वर्ष प्राथमिकता में होगी। प्रदेश के बुनियादी ढाँचे का निर्माण कर छत्तीसगढ़ निर्माण, प्रदेश का भविष्य निर्माण, शिक्षा-संस्कृति-पर्यटन, व्यवसाय आदि की परिस्थियों का निर्माण इस वर्ष का संकल्प है। जिसे सिद्ध कर अगले वर्ष इसी समय साय जी की सरकार फिर अपने नए रिपोर्ट कार्ड के साथ जनता से साक्षात्कार करेगी, फिर से एक नए लक्ष्य, नए वर्ष के सपनों, छत्तीसगढ़ की आशाओं, उम्मीदों को आकार देने।

तब तक के लिए अपनी सरकार पर विश्वास बनाए रख कर स्नेह, समर्थन और प्यार बनाए रखिये। आने वाले निकाय चुनावों में भाजपा की शानदार विजय, सरकार को और अधिक उत्साह के साथ कार्य करने प्रेरित करेगी, ऐसे विश्वास के अनेक कारण हैं। बहुत बधाई।

कैलेण्डर नव वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं...

Email: mydeepkamal@gmail.com

पंकज...

@pankaj_media

# सबके स्मृतियों में सदैव 'अटल'


पंचायत जनप्रतिनिधि सम्मेलन।



भारतरत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी का छत्तीसगढ़ से गहरा व आत्मीय लगाव रहा है। राज्य के निर्माण से उसकी मजबूत नींव की स्थापना तक वह सदैव अग्रणी रहे। राज्य निर्माण से पहले अविभाजित मध्यप्रदेश के दौर में अटल जी छत्तीसगढ़ में संगठन के विस्तार के लिए हमेशा प्रवास पर आते रहे हैं। बस्तर से लेकर सरगुजा सहित पूरे प्रदेश में वह प्रवास करते रहे, इसी का नतीजा है कि 2003 में भाजपा एक मजबूत विकल्प के तौर पर जनता के बीच आई और विशाल जनादेश के साथ सरकार बनाई। तात्कालीन मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ के समग्र विकास को लेकर अनुकरणीय कार्य हुए और उस दिशा में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की सरकार लगातार गतिमान है। अटल जी की जन्मशती वर्ष पर छत्तीसगढ़ से जुड़े कुछ स्मृतियों को 'दीप कमल' के इस अंक में प्रस्तुत किया जा रहा है।


छत्तीसगढ़ में विश्वविद्यालयों का किया था ऐलान।



भये प्रगट कृपाला दीनदयाला...

## अटल ने दिया था छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण का अटल भरोसा



विमान तल पर अटल जी का भव्य स्वागत।

# कवर्धा में रुका था अटल का काफिला

अटल की अमिट स्मृतियां हर किसी के बीच हमेशा प्रेरक प्रसंग के रूप में याद की जाएगी। लगभग 1977-78 में अटल बिहारी वाजयेपी कवर्धा होते जबलपुर जा रहे थे। उस समय रात्रि विश्राम के लिए अटल जी कवर्धा में ठहरे थे। तब कवर्धा जिले के युवा मोर्चा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह थे। उस समय के स्मृतियों को याद करते हुए वे कहते हैं कि हम सबके बीच में इस बात को लेकर प्रसन्नता थी कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी से साक्षात मुलाकात होगी और इसी दौरान उनके मन में उस सुबह वापसी के पहले अटल जी की एक सभा कवर्धा में हो यह विचार आया था। यह एक विचार आया। उस दौरान उनसे भेंट करते हुए एक जन सभा को संबोधित करने के लिए आग्रह किया गया तो उन्होंने कहा कि यह कैसे इतने कम समय संभव होगा, लेकिन हम सबने भरोसा दिलाया था कि आपकी सभा जरूर सफल होगी, और हम सब सभा की सफलता के लिए जुट गए। सबके मन में एक शंका भी थी कि सभा सफल होगी या नहीं और पूरी रात सभा की तैयारी में हम सब युवा टोली के सदस्य जुटे रहे और अगली सुबह जैसे ही 7 बजे लाउड स्पीकर लगाकर अटल जी की सभी की जानकारी दी गई तो एकाएक भीड़ जुट गई और अटल जी की सभा सफल रही। अटल जी को सुनने से कोई चुकना नहीं चाहता था। इस सभा की सफलता को देखकर अटल जी भी बेहद प्रशन्न थे। अटल जी से जुड़ी स्मृतियां सदैव सभी के हृदय में अटल ही रहेगी।

# अटल ने किया था अटल वादा

छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण से पहले सप्रे मैदान में आयोजित चुनावी सभा को संबोधित करते हुए श्रद्धेय अटल जी ने कहा था- आप मुझे 11 में 11 सांसद दो, मैं आपके सपनों का छत्तीसगढ़ दूंगा। जिस पर छत्तीसगढ़ की जनता ने अटल जी के अटल वादे पर विश्वास जताते हुए छत्तीसगढ़ से आठ सांसदों को विजयश्री दिलाकर दिल्ली भेजा था और गठबंधन की सरकार में प्रधानमंत्री के पद की शपथ लेते ही अटल बिहारी वाजपेयी जी ने सपनों के छत्तीसगढ़ को अस्तित्व में लाने की प्रक्रिया शुरू कर दी और उसी का नतीजा था कि 1 नवंबर 2000 को अलग छत्तीसगढ़ राज्य मिला और इस तिथि को अटल जी के अटल वादे पूरे करने की तिथि के रूप में याद किया जाता है।

# शिक्षित हो छत्तीसगढ़

छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण के बाद जब भाजपा की सरकार बनी तो राज्य के विकास के लिए एक मंथन का दौर शुरू हुआ और छत्तीसगढ़ में शिक्षा का विस्तार कैसे हो इस पर भाजपा सरकार की तरफ से नए विश्वविद्यालयों की स्थापना के फैसले लिए गए और राज्य में शिक्षा के माध्यम से समृद्धि के संकल्प को पूर्ण करने के लिए एक नींव रखी जाए। इस पुनित शिक्षा के महायज्ञ में एक पूर्ण आहुति के लिए तबके प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी छत्तीसगढ़ आए थे। उन समय नए विश्वविद्यालयों की नींव रखी गई थी जो इस समय विशाल शैक्षणिक परिसर के रूप में स्थापित हो चुका है। अटल जी ने समग्र, समृद्ध और संकल्प के जिस छत्तीसगढ़ का स्वप्न देखा था। उस पथ पर भाजपा की सरकार गतिमान है।



अटल बिहारी वाजपेयी

## पत्र लिखने के बाद बस्तर आए अटल जी

भारत रत्न अटल जी हमेशा अपने कार्यकर्ताओं का पत्रों के माध्यम से जवाब देकर जोड़े रखते थे। भाजपा मध्य बस्तर के उस समय के अध्यक्ष बृजमोहन देवांगन के पत्र का जवाब देते हुए उन्होंने कहा था कि बस्तर आने की मेरी बड़ी इच्छा है, किन्तु आना नहीं हो सका है, लेकिन इस पत्र के कुछ महीने के बाद ही अटल जी बस्तर में चुनावी सभा को संबोधित करने आए थे। यह यादगार भरा पत्र को भाजपा नेता श्री देवांगन ने अपने घर के दीवार पर फ्रेम करके संजोए रखा है। जो अटल जी की स्मृतियों में एक है। ।•••

# प्रगति के पथ पर गतिमान छत्तीसगढ़ प्रदेशः जेपी नड्डा

## हम तकदीर और तस्वीर बदल रहे हैं




छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सुशासन के एक साल पूरे होने पर रायपुर के साइंस कॉलेज ग्राउंड में जनादेश परब का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि डबल इंजन की सरकार होने की वजह से लोगों को डबल लाभ हो रहा है। इस अवसर पर उन्होंने 1,124 करोड़ रूपए के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास किया। उन्होंने कांग्रेस को परजीवी बताते हुए कहा कि महतारी वंदन योजना तो चलती रहेगी लेकिन कांग्रेस का खोटा सिक्का नहीं चलेगा। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अब से हर साल 3 दिसंबर से 13 दिसंबर तक जनादेश परब मनाने और छत्तीसगढ़ के रजत जयंती वर्ष को 'अटल निर्माण वर्ष' के रूप में मनाने की घोषणा की। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि जो रामराज्य के मूल्य हैं, वहीं हमारे लिए सुशासन के मूल्य हैं।

जनादेश परब कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने स्वागत भाषण दिया। वहीं उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने आभार प्रदर्शन किया। इस अवसर पर जेपी नड्डा को बस्तर के कलाकारों द्वारा बेल मेटल से निर्मित अयोध्या के राम मंदिर की प्रतिकृति भेंट की गई। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, पूर्व राज्यपाल रमेश बैस और प्रदेश प्रभारी नितिन नबीन, उपमुख्यमंत्री द्वव अरुण साव, विजय शर्मा सहित छत्तीसगढ़ मंत्रिमंडल के सभी सदस्य, सांसद, विधायक, भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता सहित आम नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### हम प्रदेश की समृद्धि के लिए जुटे हैं

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि हम छत्तीसगढ़ के उत्थान के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में जुट हुए हैं। श्रद्धेय अटल जी ने छत्तीसगढ़ की नींव रखी है और हम उसके मजबूत विकास और निर्माण में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। विकसित भारत के संकल्प के साथ हम विकसित छत्तीसगढ़ के संकल्प को लेकर एक जुटता से राष्ट्र के साथ कमदताल कर रहे हैं।



भये प्रगट कृपाला दीनदयाला...

## पुण्यता को प्रणाम



# हमारी विभूतियां हमारे लिए प्रेरणादायी : नड्डा



भाजपा प्रदेश कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में नव-निर्मित स्मृति मंदिर का लोकार्पण भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के हाथों हुआ। इस स्मृति मंदिर में भारत माता के छाया चित्र के साथ भाजपा के 5 संस्थापक सदस्यों की प्रतिमा स्थापित की गई। स्मृति मंदिर में जनसंघ के संस्थापक श्यामा प्रसाद मुखर्जी, प्रखर विचारक पंडित दीनदयाल उपाध्याय, भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष कुशाभाऊ ठाकरे, भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी, पार्टी में महिलाओं का सशक्तीकरण करने वाली राजमाता सिंधिया की प्रतिमा स्थापित की गई है। राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि उन्हें इस बात की खुशी है कि उन्होंने इस कार्यालय के भूमि पूजन, लोकार्पण के साक्षी रहे हैं और अब विचारधारा की विस्तार में समर्पित अपने पुरखों को सुरता करने का अवसर यह मंदिर का लोकार्पण कार्यक्रम दे रहा है।

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने ये भी कहा कि दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी भाजपा में काम करना ही सौभाग्य की बात है। उन्होंने भरोसा जताया किए एक दिन सर्वत्र भाजपा का ही कमल खिलेगा, स्मृति मंदिर में स्थापित महान विभूतियों की प्रतिमाएं कार्यकर्ताओं को प्रेरित करेगी। उन्होंने इस नवाचार के लिए प्रदेश संगठन और नेतृत्व का अभिनंदन भी किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय भाजपा प्रदेशाध्यक्ष किरण देव, प्रदेश प्रभारी नीतिन नबीन व विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह सहित मंत्रिमंडल के सदस्य, सांसद, विधायक व कार्यकर्ता मौजूद थे। ।•••

प्रेस वार्ता




# उत्थान और उत्कर्ष का वर्ष

**मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में भाजपा सरकार के 365 दिन पूर्ण होने पर जनादेश परब मनाया गया। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने इन एक साल में हुए विकास कार्यों का दस्तावेज एक संवाद के माध्यम से रखा। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार विकास योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाकर हम अंत्योदय के आवधारणा को पूर्ण करने में जुटी है।**

इस 13 दिसम्बर को हमारी सरकार का पहला साल पूरा हो रहा है। हमारा यह पहला साल आप सभी की सहभागिता के साथ विकास के लिए समर्पित रहा। आज ही के दिन हमारी सरकार ने शपथ ली थी। बीते 12 महीनों में छत्तीसगढ़ प्रदेश ने विकास के अनेक नये आयाम स्थापित किए हैं। हमने बीते एक साल को विश्वास का वर्ष घोषित किया है। वास्तव में प्रदेश में पिछली सरकार के पांच वर्ष विश्वास के संकट का समय था। कांग्रेस ने 'जन घोषणा पत्र' में किए गए लगभग सभी वादों से मुकरते हुए न केवल प्रदेश के लिए बल्कि पूरे लोकतंत्र के लिए ही भरोसे का संकट पैदा कर दिया था।

हमारी सबसे बड़ी चुनौती जनता में इस विश्वास को कायम करने की थी। अब एक वर्ष पूरे होने पर जब आपके माध्यम से जनता के समक्ष हमारी पूरी सरकार रिपोर्ट कार्ड लेकर प्रस्तुत हुई है, तो मुझे यह बताते हुए संतोष हो रहा है कि 'मोदी की गारंटी' के रूप में किए सभी बड़े वादों को पूरा कर इस विश्वास की बहाली की है। हमें प्रदेश की महतारी-बहनों को, किसानों को, युवाओं को, आवास से वंचित कर दिए गए कमजोर वर्ग के लोगों से किए वादे को पूरा करने का सौभाग्य मिला, इसके लिए कृतज्ञ महसूस कर रहा हूं। विधानसभा चुनाव के दौरान भारतीय जनता पार्टी ने प्रदेश के नागरिकों से वादा किया था कि यदि हमारी सरकार बनी तो हम प्रदेश में सुशासन की स्थापना करेंगे। भ्रष्टाचार मुक्त और पारदर्शी व्यवस्था स्थापित करेंगे। सरकार बनते ही हमने भ्रष्टाचार के खिलाफ तत्परता के साथ कार्यवाही की। जो लोग भ्रष्टाचार के मामलों में लिप्त पाए जा रहे हैं, उन्हें जेल भेजा जा रहा है।

हमने किसानों से किया गया वादा पूरा करते हुए 3100 रुपए प्रति क्विंटल की दर और 21 क्विंटल प्रति एकड़ के मान से धान की रिकॉर्ड खरीदी की। हमने अपने वादे के मुताबिक किसान बंधुओं को दो साल के बकाया धान बोनस की राशि 3716 करोड़ रुपए का अंतरण भी किया। प्रदेश की माताओं-बहनों से किए गए वादे को पूरा करते हुए तीन माह के भीतर ही महतारी वंदन योजना शुरू की गई। इसका लाभ 70 लाख माताओं-बहनों को मिल रहा है। अब तक इस योजना की 10 किश्तों में 6530 करोड़ रुपए अंतरित किए जा चुके हैं। जरूरतमंद परिवारों के लिए 18 लाख प्रधानमंत्री आवास उपलब्ध कराने के अपने वादे को पूरा करने के लिए सरकार बनने के दूसरे ही दिन कैबिनेट की बैठक में निर्णय लिया गया। तेन्दूपत्ता संग्रहण दर 4 हजार रुपए मानक बोरा से बढ़ाकर 5 हजार 500 रुपए मानक बोरा कर दी गई है। राज्य में नई शिक्षा नीति लागू करके शिक्षा को रोजगार परक बनाया है। राज्य की प्रतिभाओं को निखारने के लिए रायपुर के नालंदा परिसर की तर्ज पर प्रदेश की 13 नगरीय निकायों में हाईटेक लाइब्रेरियों के निर्माण का निर्णय लिया गया है। अपने वादे के मुताबिक हमने सीजीपीएससी परीक्षा प्रणाली को बेहतर बनाया है। पूरी पारदर्शिता के साथ परीक्षाएं हुई और उनके परिणाम घोषित हुए। इससे राज्य की प्रतिभाओं का विश्वास सीजी पीएससी पर लौट आया है।

हमने प्रदेश के 68 लाख गरीब परिवारों को पांच साल तक मुफ्त राशन देने की योजना शुरू की। इस तरह हमने यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की अधिकांश गारंटियों को एक साल के भीतर ही पूरा कर दिया है। अपनी प्रमुख गारंटियों को पूरा कर अब हमारी सरकार सुशासन की स्थापना के लिए प्रयासरत है। इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए हमने सुशासन एवं अभिसरण नाम से




भये प्रगट कृपाला दीनदयाला...

नया विभाग बनाया है। हमारा प्रयास है कि आम नागरिकों को छोटे छोटे कामों के लिए दफ्तरों के चक्कर न काटने पड़े। इसके लिए हम तकनीक का ज्यादा से ज्यादा इस्तेमाल कर रहे हैं। एक क्लिक में अथवा एक फोन कॉल में उनके काम हो जाने चाहिए। छत्तीसगढ़ राज्य निर्माता, पूर्व प्रधानमंत्री, भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी जी के सुशासन के सपने को हम लगातार साकार कर रहे हैं। पुराणों में जिसे राम-राज कहा गया है, उसे ही हम सुशासन कहते हैं।

हमने जनजातीय क्षेत्रों में सड़क, रेल और हवाई सुविधाओं का विस्तार किया गया है। अम्बिकापुर के हवाई अड्डे से भी अब हवाई सेवा की शुरूआत हो गई है। अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के विकास के लिए गठित प्राधिकरणों में जनप्रतिनिधित्व को और मजबूत किया गया है। साथ ही छत्तीसगढ़ जनजातीय सलाहकार परिषद का गठन भी किया गया है। जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर हमने राज्य के बैगा, गुनिया, सिरहा को सालाना पांच-पांच हजार रुपए की सम्मान निधि देने की घोषणा की है। जनजातीय गांवों में अखरा निर्माण विकास योजना शुरू की गई है। जनजातीय स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों तथा नायकों की स्थान-स्थान पर प्रतिमाएं लगाने का निर्णय भी हमने लिया है। बस्तर में पर्यटन कॉरिडोर का निर्माण किया जा रहा है। यह बड़ी उपलब्धि है कि कांगेर घाटी के गांव धुड़मारास ने अब विश्व पर्यटन के नक्शे पर जगह बना ली है। संयुक्त राष्ट्र विश्व पर्यटन संगठन ने इस गांव में पर्यटन के विकास के लिए इसे दुनिया के चुनिंदा 20 गांवों में शामिल किया है। गुरू घासीदास-तमोर पिंगला टाइगर रिजर्व के गठन से भी राज्य में पर्यटन के विकास की संभावनाओं को बल मिला है। सरगुजा में मधवेश्वर पहाड़ को विश्व की सबसे बड़ी प्राकृतिक शिवलिंग के रूप में मान्यता मिली है।

छत्तीसगढ़ के साथ भगवान राम का गहरा नाता है। वे हमारे भांजे हैं। उन्होंने वनवास के 14 सालों में से 10 साल यहीं गुजारे। हमारी कोशिश है कि दुनिया भगवान श्रीराम से हमारे इस रिश्ते को जानें। प्रदेश में श्री रामलला दर्शन योजना शुरू करके हमने यहां के श्रद्धालुओं के लिए अयोध्या धाम की निःशुल्क यात्रा की व्यवस्था की, ताकि भगवान राम से अपने रिश्ते को और सघन कर सकें। हमारी नई उद्योग नीति से राज्य के औद्योगिक क्षेत्र में भी विकास की नई संभावनाओं का सृजन हुआ है। यह नीति प्रदेश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करेगी। हमने इस नीति को रोजगार परक बनाया है। नई उद्योग नीति में युवाओं को स्वरोजगार के लिए प्रोत्साहित किया गया है। हमने पर्यटन को भी उद्योग के रूप में शामिल किया गया है। साथ ही सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग को भी रियायत देने का विशेष प्रावधान है।

> **महतारियों का अभिनंदन, मिला महतारी वंदन**
>
> **हमारा प्रयास, सबको हो एक आवास**
>
> **अन्नदाताओं को समर्पित हमारी सरकार**
>
> **वनवासियों का जीता हमने विश्वास**

नयी उद्योग नीति में अनुसूचित जाति/जनजाति, महिला उद्यमियों, सेवानिवृत्त अग्निवीर, भूतपूर्व सैनिकों, नक्सल प्रभावित, आत्म-समर्पित नक्सलियों एवं तृतीय लिंग के उद्यमियों को विशेष प्रोत्साहन दिये जाने का प्रावधान है। पिछले एक वर्ष के दौरान प्रदेश में नक्सलवाद का तेजी से उन्मूलन किया गया है। केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह ने 2026 मार्च तक छत्तीसगढ़ से नक्सलवाद का पूरी तरह सफाया करने का संकल्प लिया है। बीते एक वर्ष में 213 नक्सलियों को मुठभेड़ में मार गिराया गया है। करीब 1750 नक्सलियों को या तो आत्मसमर्पण करने पर मजबूर किया गया है, या फिर उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया है।

हमारी एक बड़ी कामयाबी यह भी है कि हम नियद 'नेल्ला नार योजना' के माध्यम से बस्तर के अंदरूनी गांव तक लोकतंत्र और विकास की किरणों को पहुंचाने में सफल हुए। अभी हाल ही मैंने बस्तर के सुरक्षा कैंप में जवानों के साथ रात गुजारी। यह मेरे जीवन का सबसे सुखद अनुभव था। जवानों का बढ़ा हुआ हौसला और आत्मविश्वास देखकर मैंने भी अपने भीतर नयी ऊर्जा का महसूस की है। राज्य में चार मेडिकल कॉलेजों के भवनों के निर्माण की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। जांजगीर-चांपा, कबीरधाम, मनेन्द्रगढ़ और गीदम मेडिकल कॉलेजों की निर्माण के लिए 1020 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। इस दौरान प्रेसवार्ता में प्रदेश अध्यक्ष किरण देव, उपमुख्यमंत्री द्वेव अरुण साव, विजय शर्मा सहित मंत्रिमंडल के सदस्य मौजूद थे। ।•••

एक संवाद

# हम नक्सलवाद के खात्मे की अंतिम लड़ाई लड़ रहे हैं : अमित शाह



केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने बस्तर में नक्सल पीड़ित परिवारों से संवाद करते हुए कहा कि आपके परिवारों को जो पीड़ा नक्सलियों ने दी है, वह अक्षम्य है। बस्तर के समग्र विकास के साथ नक्सलवाद का खात्मा हो यही हमारा अंतिम लक्ष्य है। हमने ऐसी नीति बनाई है कि नक्सलवाद के समाप्ति के साथ बस्तर का विकास हो, जिसमें सबकी सहभागिता जरूरी है। 2019 में कश्मीर, उत्तरपूर्व और नक्सलवाद प्रभावित क्षेत्र में देश के युवा हथियार लेकर अपना जीवन बर्बाद कर रहे थे, हिंसा कर रहे थे और पूरे क्षेत्र को विकास से दूर रखते थे। उन्होंने कहा कि उस वक्त प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में ये तय किया गया था कि जो लोग हथियार छोड़कर समाज की मुख्यधारा में शामिल होना चाहते हैं, उन्हें ये मौका दिया जाए। उन्होंने कहा कि इसी प्रकार नक्सलवाद प्रभावित क्षेत्र में भी कई युवाओं ने सरेंडर किया है और अब भारत सरकार ऐसे लोगों और नक्सलवाद से पीड़ित लोगों के कल्याण के लिए समग्र योजना बना रही है। केंद्रीय गृहमंत्री श्री शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने नक्सलवाद प्रभावित क्षेत्रों में 15 हजार मकान बनाने को मंजूरी दी है। इसके साथ ही, नक्सलवाद प्रभावित क्षेत्रों में हर परिवार को एक गाय या भैंस देकर डेयरी कोऑपरेटिव बनाने की शुरूआत भी की जा रही है।

केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि पिछले वर्ष छत्तीसगढ़ में सरकार बनने के बाद नक्सल मुक्त छत्तीसगढ़ का संकल्प लिया गया था। हिंसा रास्ता नहीं है, बल्कि जिन लोगों ने हथियार उठा रखे हैं, उन्हें मुख्यधारा में वापिस लाना है। छत्तीसगढ़ सरकार ने सबसे अच्छी सरेंडर पॉलिसी बनाई है और इसे पूरे देश में अपना करके हथियार छोड़ने वाले युवाओं को समाज में पुनर्स्थापित करने का प्रयास किया जाएगा।

## नक्सलवाद में लिप्त युवाओं से हथियार छोड़ने की अपील

श्री अमित शाह ने हिंसा में लिप्त युवाओं से



## शौर्य और वीरता को सादर नमन

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने अपने बस्तर प्रवास के दौरान अमर वाटिका में नक्सली हमले में शहीद जवानों और नक्सली हिंसा से पीड़ित नागरिकों के परिजनों से मुलाकात कर अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की। केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने परिजनों से चर्चा करते हुए कहा कि एक लम्बी और वेदनापूर्ण लड़ाई में आपने अपने परिजनों को खोया है, इस दर्द को समझा जा सकता है। केंद्र और राज्य सरकार आपके साथ है। शहीदों के त्याग और बलिदान को चिर स्थाई बनाए रखने के लिए छत्तीसगढ़ सरकार उनकी पुण्य स्मृतियों को सहेजने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि आप सभी ने जैसे अपने परिजनों को खोया है, वैसे किसी और को खोना न पड़े। मैं नक्सली हमलों में शहीद हुए जवानों और जान गंवाने वाले सभी लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि मां दंतेश्वरी की धरती से नक्सलवाद को पूर्णतः समाप्त कर देंगे। केंद्रीय गृह मंत्री श्री शाह ने कहा कि भारत सरकार की सुरक्षा एजेंसियां और पुलिस के जवान मजबूती के साथ नक्सल मोर्चे पर काम कर रहे हैं। पिछले एक साल की सटीक रणनीति से नक्सलवाद का दायरा सिमटा है और ढेर सारे विकास के कार्यों को गति देने के लिए चरणबद्ध तरीके से काम किया जा रहा है।

अपील की कि वे हथियार छोड़कर समाज की मुख्यधारा में आ जाएं। उन्होंने बस्तर ओलंपिक के बारे में बात करते हुए कहा कि बस्तर के होनहार बच्चे भारत का भविष्य हैं। उन्होंने कहा कि 2025 से 2036 के ओलंपिक तक बस्तर के बच्चों को पदक जीतने के योग्य बनाने की प्रक्रिया शुरू करनी चाहिए। जब बस्तर की एक बच्ची 2036 के ओलंपिक में पदक जीतेगी, वो नक्सलवाद को एक करारा जवाब और पूरी दुनिया को संदेश होगा कि हिंसा रास्ते पर नहीं बल्कि विकास रास्ते पर चल कर समाज को समृद्धि से जोड़ा जा सकता है।

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि अब बहुत कम क्षेत्र नक्सलवाद से प्रभावित है। उन्होंने कहा कि राज्य के नार्गरिकों को स्कूल, दवाखाने, अस्पताल, मुफ्त अनाज, बिजली, शौचालय, पानी चाहिए और इन सभी सुविधाओं को आपके गांवों तक पहुंचाने की जिम्मेदारी छत्तीसगढ़ सरकार की है।



भये प्रगट कृपाला दीनदयाला...

## हम बदलते बस्तर के हो रहे साक्षी : शाह

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह जगदलपुर में बस्तर ओलंपिक समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। इस अवसर पर अपने संबोधन में केन्द्रीय गृहमंत्री श्री शाह ने कहा कि यहां ऐतिहासिक बस्तर ओलंपिक-2024 का समापन हो रहा है। बस्तर ओलंपिक यहां मौजूद डेढ़ लाख बच्चों तक ही सीमित नहीं है, बल्कि पूरे बस्तर के सभी सातों ज़िलों की उम्मीदों की पहचान बनने वाला है। उन्होंने कहा कि बस्तर ओलंपिक आने वाले दिनों में बस्तर के विकास की यशगाथा बनने वाला और नक्सलवाद पर अंतिम प्रहार करने वाला है। उन्होंने कहा कि बस्तर बदल रहा है लेकिन जब 2026 में बस्तर ओलंपिक का आयोजन होगा तब हम कहेंगे कि हमारा बस्तर बदल गया है। बस्तर ओलंपिक ने "बदल रहा से बदल गया है" की प्रक्रिया की शुरूआत की है। बस्तर ओलंपिक की सकारात्मक ऊर्जा लाखों आदिवासी किशोरों को गलत रास्ते पर जाने से रोकेगा, उन्हें भारत के निर्माण की प्रक्रिया के साथ जोड़ेगी और लाखों ग्रामीणों और आदिवासियों के कल्याण का माध्यम भी बनेगी। केन्द्रीय गृहमंत्री श्री शाह ने कहा कि जब बस्तर की एक बच्ची ओलंपिक में पदक जीतेगी, वो पूरी दुनिया को संदेश होगा कि हिंसा रास्ता नहीं है बल्कि विकास रास्ता है। |•••





# विकास को जनादेश : मोदी

## बीते 50 साल में किसी भी पार्टी, किसी भी प्री-पोल अलायंस के लिए ये सबसे बड़ी जीत

भारत माता की जय, 'वंदे मातरम', 'जय श्रीराम' और 'मोदी-मोदी' के नारे के बीच उत्साहित कार्यकर्ताओं के विशाल समूह के मध्य प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री जगत प्रकाश नड्डा के साथ नई दिल्ली स्थित भाजपा केंद्रीय कार्यालय में आयोजित महाराष्ट्र में भाजपानीत महायुति और विभिन्न राज्यों में हुए उपचुनावों में शानदार जीत के बाद 'आभार कार्यक्रम' में भाग लेने के लिए पहुंचे। ढोल की थाप और पुष्पों की पंखुड़ियों के साथ हजारों भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री एवं भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष का भव्य स्वागत किया। मंच पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह सहित वरिष्ठ भाजपा नेताओं ने माला पहनाकर प्रधानमंत्री का स्वागत किया।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 23 नवंबर, 2024 को भाजपा केंद्रीय कार्यालय, नई दिल्ली में आयोजित 'महाराष्ट्र एवं झारखंड के विधानसभा चुनाव एवं अन्य राज्यों में हुए उपचुनावों में भाजपा को अभूतपूर्व आशीर्वाद देने के लिए जनता का हृदय से आभार' कार्यक्रम में पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित किया और भारतीय जनता पार्टी की जीत को सत्य एवं न्याय की जीत बताते हुए जनता-जनार्दन को नमन किया। कार्यक्रम में भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा, केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह सहित पार्टी के कई वरिष्ठ पदाधिकारी, नेतागण तथा भारी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित थे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'जय भवानी, जय शिवाजी' के नारे के साथ अपना संबोधन शुरू करते हुए कहा कि महाराष्ट्र में विकासवाद व सुशासन की जीत हुई, सच्चे सामाजिक न्याय की जीत हुई है। महाराष्ट्र ने विकसित भारत के संकल्प को और मजबूत किया है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि महाराष्ट्र में झूठ, छल, फरेब पूरी तरह से हारा है। विभाजनकारी ताकतें पूरी तरह से हारी हैं। निगेटिव पॉलिटिक्स और परिवारवाद की हार हुई है। मैं देशभर के भाजपा, एनडीए के सभी कार्यकर्ताओं को बहुत बधाई देता हूं, उनका अभिनंदन करता हूं।

### देश सिर्फ विकास चाहता हैः पीएम

श्री मोदी ने कहा कि आज देश के अनेक राज्यों में उपचुनाव के नतीजे आए। उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, राजस्थान ने भाजपा को जमकर समर्थन दिया है। असम के लोगों ने भाजपा पर एक बार और समर्थन जताया है। मध्य प्रदेश में भी हमें सफलता मिली है। बिहार में एनडीए का समर्थन बढ़ा है। ये दिखाता है कि देश सिर्फ विकास चाहता है। मैं माताओं-बहनों, किसानों का, युवाओं का, देश की जनता का नमन करता हूं। मैं झारखंड की जनता को भी नमन करता हूं। वहां के विकास के लिए और काम करेंगे।



## भाजपा के गर्वनेंस मॉडल पर जनता के विश्वास की मुहर

पीएम श्री मोदी ने कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज, बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर, सावित्री फुले, बाला साहेब ठाकरे की पावन धरती महाराष्ट्र ने जीत के सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए। बीते 50 साल में किसी भी पार्टी, किसी भी प्री-पोल अलायंस के लिए ये सबसे बड़ी जीत है। ये लगातार तीसरी बार है जब भाजपा के नेतृत्व में किसी गठबंधन को लगातार महाराष्ट्र ने विजयी बनाया है। ये भी लगातार तीसरी बार है जब भाजपा महाराष्ट्र में सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है। ये निश्चित रूप से ऐतिहासिक है। ये भाजपा के 'गर्वनेंस मॉडल' पर जनता के विश्वास की मुहर है। महाराष्ट्र देश का छठा राज्य है, जिसने भाजपा को लगातार तीन बार जनादेश दिया है। गोवा, गुजरात, छत्तीसगढ़, हरियाणा, मध्य प्रदेश में हम लगातार विपक्ष ने सोचा था संविधान और आरक्षण के नाम पर झूठ बोलकर एससी, एसटी, ओबीसी को समूहों में बांट देंगे। कांग्रेस और उसके साथियों की इस साजिश को महाराष्ट्र ने सीधे से खारिज कर दिया है।



भये प्रगट कृपाला दीनदयाला...

## कांग्रेस के पाखंड को जनता ने खारिज कर दिया है

पीएम श्री मोदी ने कहा कि विपक्ष ने सोचा था संविधान और आरक्षण के नाम पर झूठ बोलकर एससी, एसटी, ओबीसी को समूहों में बांट देंगे। कांग्रेस और उसके साथियों की इस साजिश को महाराष्ट्र ने सीधे से खारिज कर दिया है। महाराष्ट्र ने जाति, धर्म, भाषा और क्षेत्र के नाम पर लड़ाने वालों को सजा दी है। ओबीसी, दलित, आदिवासी सहित सभी वर्ग ने भाजपा-एनडीए को वोट दिया। जनता ने कांग्रेस और उसके साथियों की सोच के इकोसिस्टम पर करारा जवाब दिया है, जो समाज को बांटने का एजेंडा चला रहे हैं।

## कांग्रेस ने तुष्टीकरण के लिए कानून बनाए

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि हमारे संविधान निर्माताओं ने 1947 में विभाजन की विभीषिका के बीच में भी हिंदू संस्कार और परंपरा को निभाते हुए पंथनिरपेक्षता की राह को चुना था। कांग्रेस के इस परिवार ने झूठे सेक्युलरिज्म के नाम पर उसे बदनाम किया। दशकों तक कांग्रेस ने देश में यही खेल खेला है। संविधान के साथ कांग्रेस के एक परिवार ने विश्वासघात किया है। कांग्रेस ने तुष्टीकरण के लिए कानून बनाए। इसके लिए उसने सुप्रीम कोर्ट के ऑर्डर की भी परवाह नहीं की।



*देश के अनेक राज्यों में उपचुनाव के नतीजे आए। उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, राजस्थान ने भाजपा को जमकर समर्थन दिया है। असम के लोगों ने भाजपा पर एक बार और समर्थन जताया है। मध्य प्रदेश में भी हमें सफलता मिली है। बिहार में एनडीए का समर्थन बढ़ा है। ये दिखाता है कि देश सिर्फ विकास चाहता है। मैं माताओं-बहनों, किसानों का, युवाओं का, देश की जनता का नमन करता हूं।*

**-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

## अघाड़ी वालों का दोमुंहा चेहरा

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि महाराष्ट्र चुनाव ने इंडी वालों का, अघाड़ी वालों का दोमुंहा चेहरा भी देश के सामने खोलकर रख दिया है। हम सब जानते हैं कि बाला साहेब ठाकरे का देश-समाज के लिए कितना बड़ा योगदान रहा है। कांग्रेस ने अपने लालच में उनकी पार्टी के एक धड़े को साथ ले लिया, लेकिन बाला साहेब की तस्वीर निकाल दी। कांग्रेस का कोई भी नेता बाला साहेब की प्रशंसा नहीं करता है। कांग्रेस का मकसद सिर्फ वीर सावरकर को बदनाम करना है। कांग्रेस ने पूरे देश में वीर सावरकर का अपमान किया, उन्हें गालियां दी।

## आधुनिक भारत का संदेश

पीएम श्री मोदी ने कहा कि हरियाणा से मिले आशीर्वाद पर हमने बात की थी। महाराष्ट्र के सभी शहरों ने आज स्पष्ट राय रखी है। शहरी क्षेत्रों के गरीब, मिडिल क्लास ने भाजपा का समर्थन किया है। आधुनिक भारत का संदेश दिया है। केवल 10 सालों में हमने भारत को दुनिया की सबसे 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना दिया है। वो दिन दूर नहीं जब भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनकर रहेगा। हम मिलकर आगे बढ़ेंगे। एकजुट होकर आगे बढ़ेंगे, तो हर लक्ष्य पाकर रहेंगे। इसी भाव के साथ— एक हैं तो सेफ हैं— भारत माता की जय। वंदे मातरम्।

# नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में प्रगति के पथ पर है समूचा राष्ट्र : जेपी नड्डा



भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने 23 नवंबर, 2024 को भाजपा केंद्रीय कार्यालय, नई दिल्ली में आयोजित 'महाराष्ट्र एवं झारखंड विधानसभा चुनाव एवं अन्य राज्यों में हुए उपचुनावों में भाजपा को अभूतपूर्व आशीर्वाद देने के लिए जनता का हृदय से आभार' कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गरिमामयी उपस्थिति में पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। कार्यक्रम में केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह सहित पार्टी के कई वरिष्ठ पदाधिकारी, नेतागण तथा भारी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित थे। राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री नड्डा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का हार्दिक अभिनंदन और स्वागत करते हुए कहा कहा कि आज महाराष्ट्र की जनता एवं विभिन्न राज्यों की जनता ने चुनावों में जो संदेश दिया है, उसने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के देशवासियों की सेवा के संकल्प और कार्य पर, फिर एक बार मुहर लगा दी है। मैं महाराष्ट्र, झारखंड और विभिन्न राज्यों के उपचुनाव में भाजपा की ओर से जनता के प्रति आभार व्यक्त करता हूं।



## 'विकसित भारत' की संकल्पना पर फिर से मुहर

राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री नड्डा ने कहा कि पहले हरियाणा और अब महाराष्ट्र विधानसभा और अन्य राज्यों के उपचुनाव में मिली जीत ये बताती है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकासवाद और गांव, गरीब, वंचित, दलित, महिला, युवा, किसान को मुख्यधारा में शामिल करने और 'विकसित भारत' की संकल्पना पर जनता ने फिर से मुहर लगा दी है। चुनाव परिणाम ने स्पष्ट कर दिया है कि समाज को बांटने और गुमराह करने की कोशिश करने वालों को मुंह की खानी पड़ी और देश ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकासवाद को सराहा है।

## इंडी अलायंस को मिला करारा जवाब

राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री नड्डा ने कहा कि कुछ समय से इंडी अलायंस को यह भ्रम हो गया था कि वे लोगों को संविधान, जाति, धर्म और तुष्टीकरण के नाम पर बांटकर, सत्ता पर काबिज हो सकते हैं लेकिन हरियाणा के बाद महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के परिणाम ने इंडी अलायंस को करारा जवाब दिया है। महाराष्ट्र के जनादेश ने यह भी स्पष्ट कर दिया कि 2019 में भी प्रधानमंत्री

## सर्वत्र कमल



श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा को जनादेश मिला था लेकिन उद्धव ठाकरे की सत्ता के प्रति मोह और अवसरवादिता के कारण धोखा देकर, उस जनादेश का अपमान किया। महाराष्ट्र के चुनावी नतीजों ने उद्धव ठाकरे को धता दिखाकर बता दिया कि महाराष्ट्र की जनता भाजपा, शिवसेना (शिंदे) और एनसीपी (अजित पवार) के साथ है।

### उपचुनावों में भी शानदार जीत

राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री नड्डा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में राजनीति में एक नया शब्द सामने आया है प्रो-इनकंबेंसी। यह शब्द, जो पिछले 70 वर्षों में कभी नहीं सुना गया, भाजपा की उपलब्धियों को परिभाषित करता है। गुजरात में तीन दशकों से कमल खिल रहा है, मध्यप्रदेश में दो दशकों से भाजपा का वर्चस्व है और असम, त्रिपुरा, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, तथा गोवा में पिछले दो कार्यकाल से एनडीए की सरकारें सफलतापूर्वक कार्य कर रही हैं। इस बार महाराष्ट्र की जनता ने भी भाजपा पर भरोसा जताते हुए दोबारा कमल खिलाया है। उपचुनावों में भाजपा के पास जहां पहले सिर्फ 11 सीटें थीं, वहां अब 20 सीटों पर जीत दर्ज की गई है। ।•••



भये प्रगट कृपाला दीनदयाला...

# भाजपा पर जनता का अटूट विश्वास: साय

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि रायपुर दक्षिण के उप चुनाव के परिणाम भाजपा के जनकल्याणकारी नीतियों की जीत है। मैं भाजपा के कार्यकर्ताओं व मतदाताओं को बहुत-बहुत धन्यवाद देता हूं। हमारी भाजपा सरकार के सुशासन पर जनता की मुहर है। हमने प्रदेश में लोकतंत्र के प्रति जनता के भरोसे को बहाल किया है। मोदी जी की गारंटी को सरकार ने महज कुछ महीनों में पूरा करने का काम किया है। यह उसका जनादेश है। भाजपा प्रत्याशी सुनील सोनी को भी इस प्रचंड जीत की बहुत-बहुत बधाई।

उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार ने महज कुछ महीनों के कार्यकाल में ही मोदी जी की गई गारंटियों को पूरा करने का काम किया है। किसानों को एकमुश्त 3100 रुपए प्रति क्विंटल देने की गारंटी हो या किसानों के बकाया दो वर्ष के धान का बोनस के भुगतान की बात हो, महतारी वंदन योजना के तहत 70 लाख महिलाओं के प्रतिमाह 1000 रुपए देने की गारंटी हो या नक्सलवाद के खात्मे की गारंटी हो, राज्य की भाजपा सरकार ने सभी गारंटियों को पूरा करने के क्षेत्र में ऐतिहासिक काम किए है। यह विशाल विजय हम सबके मनोबल को हमेशा मजबूत करती रहेगी। राज्य के विकास के लिए हम और अधिक मजबूती और विश्वास के साथ कार्य करेंगे।

### जनता के विश्वास पर हम कायम

*राज्य के विकास में हम सबने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ का समग्र विकास हो रहा है। फिर से दक्षिण विधानसभा की जनता ने राज्य के विकास पर मुहर लगाया है।*

**-विष्णु देव साय,** मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

### सभी के प्रति आभार

*सभी कार्यकर्ताओं व मतदाताओं के प्रति आभार। इस ऐतहासिक जीत ने प्रदेश के विकास के लिए हम सब और मजबूती से जुटेंगे। यह जनादेश हमारी सरकार के कामकाज को जनता का व्यापक समर्थन है।*

**-किरण देव,** भाजपा, प्रदेशाध्यक्ष

### उम्मीदों की हुई जीत

*लगातार हम दक्षिण विधानसभा से जीते रहे हैं। एक बार फिर से जनमानस ने क्षेत्र के विकास के लिए भाजपा को पुनः चुना है। सभी के उम्मीदों के मुताबिक हम विकास के लिए और जुटेंगे।*

**-बृजमोहन अग्रवाल,** सांसद, रायपुर ।•••



# उत्कर्ष के एक वर्ष



**भाजपा की सरकार में उन्नति के नए प्रतिमान इन एक वर्षों में गढ़े गए हैं। यह सबके लिए अनुकरणीय है।**

**प्रदेश में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में विकास अभियान को लगातार गति दी जा रही है। इन एक साल के भीतर प्रदेश की प्रगति को लेकर कई महत्वपूर्ण फैसले लिए गए हैं। जिसको सर्वत्र जन समर्थन मिल रहा है। इन फैसलों को जनमानस से सीधा जुड़ाव है। ऐसे लिए गए फैसले डबल इंजन की सरकार के बेहतर कामकाज को प्रदर्शित करता है।**

- कृषक उन्नति योजना 21 क्विंटल प्रति एकड़ और **3100 रूपए में धान की खरीदी**
- 13 लाख किसानों को **3716 करोड़ रूपए बकाया धान बोनस** का भुगतान
- महतारी वंदन योजना 70 लाख माताओं व बहनों को **प्रतिमाह 1000 रूपए**
- प्रदेश में 179 महतारी सदन के निर्माण, **52 करोड 20 लाख रूपए** की स्वीकृति
- प्रधानमंत्री आवास योजना **18 लाख 12 हजार 743 जरूरतमंद परिवारों** को प्रधानमंत्री आवास की स्वीकृति
- प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अंतर्गत दिसंबर 2023 से अक्टूबर 2024 के






भये प्रगट कृपाला दीनदयाला...

बस संगवारी एप लॉच, यात्रियों को मिलेगी मदद और **यात्रा होगा सुगम**

राज्य के आम लोगों से सीधे संवाद के लिए मुख्यमंत्री निवास में **जनदर्शन कार्यक्रम**

बीच **49 हजार 834 आवासों का निर्माण पूर्ण**

मुख्यमंत्री आवास योजना- सर्वेक्षित **47 हजार 90 आवासहीन परिवारों को** आवास की स्वीकृति

महिला स्व-सहायता समूहों को **रेडी-टू-ईट** तैयार करने का काम पुनः दिया गया

श्री रामलला अयोध्या धाम दर्शन योजना **20 हजार श्रद्धालुओं को अयोध्या धाम और काशी धाम** की निःशुल्क यात्रा

तेन्दूपत्ता संग्रहण दर 4000 रूपए से बढ़ाकर **5500 रूपए प्रति मानक बोरा**, बोनस का भी भुगतान

सीजी पीएससी में पारदर्शिता **सीजीपीएससी घोटाले की सीबीआई जांच**, दोषियों पर कड़ी कार्यवाही

यूपीएससी की तर्ज पर **छत्तीसगढ़ पीएससी परीक्षा को पारदर्शी** बनाने के लिए आयोग का गठन

सरकारी नौकरी के लिए **आयु सीमा में 5 वर्ष की छूट**

ट्रायबल यूथ हॉस्टल दिल्ली में सीटों की संख्या 50 से बढ़ाकर **185 की गई**

राज्य सरकार के विभिन्न विभागों में **9 हजार से अधिक पदों पर भर्ती** की प्रक्रिया शुरू

नई औद्योगिक नीतिः उद्योग स्थापना के लिए सभी प्रकार के क्लीयरेंस के लिए उद्योग विभाग में **सिंगल विंडो सिस्टम 20 लागू**

आत्मसमर्पित नक्सलियों और नक्सल पीड़ित परिवारों के लिए **15 हजार प्रधानमंत्री आवासों की स्वीकृति**

प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों के सफल क्रियान्वयन के लिए **सुशासन एवं अभिसरण विभाग का गठन**

ई-ऑफिस : घर बैठे अचल **सम्पत्तियों के पंजीयन के लिए सुगम एप**

शासकीय योजनाओं और कार्यक्रमों की रीयल टाईम मॉनिटरिंग के लिए **अटल मॉनिटरिंग पोर्टल** का शुभारंभ

68 लाख गरीब परिवारों को **5 साल तक मुफ्त राशन** देने का निर्णय

**लोकतंत्र सेनानियों की पेंशन बहाल**, 5 साल के एरियर्स का भुगतान, पेंशन राशि में बढ़ोत्तरी

**एमबीबीएस की पढ़ाई हिन्दी माध्यम में,** चिकित्सों और पैरामेडिकल स्टॉफ की भर्ती

**राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू,** 18 स्थानीय भाषा में पढ़ाई

**341 पीएम श्री स्कूल प्रारंभ**, एआई रोबोटिक एवं कौशल विकास की पढ़ाई

पैरेंट-टीचर मीटिंग का आयोजन, **5वीं-8वीं बोर्ड परीक्षा कराने का निर्णय**

नक्सल क्षेत्रों में **29 बंद स्कूल फिर से शुरू**

**गुरुघासीदास तमोर पिंगला टाईगर रिजर्व का गठन**, देश का तीसरा सबसे बड़ा टाईगर रिजर्व

**बस्तर पर्यटन कॉरिडोर** का निर्माण का संकल्प

## महत्वपूर्ण योजनाएं

- धुड़मारास संयुक्त राष्ट्र विश्व पर्यटन संगठन द्वारा **विश्व के चयनित** 20 गांवों में शामिल
- प्रदेश में **इको टूरिज्म और नेचरोपेथी** को बढ़ावा
- रायपुर के नालंदा परिसर की तर्ज पर प्रदेश के **13 नगरीय निकायों में सर्वसुविधायुक्त हाईटेक लाइब्रेरी** का निर्माण
- नवा रायपुर में **आईटी हब** बनाने की प्रक्रिया शुरू, कंपनियों से हुआ एमओयू
- नियद नेल्ला नार- सुरक्षा कैम्पों के 5 किमी की परिधि में स्थिति गांवों में, **17 विभागों के 53 कल्याणकारी योजनाओं और 28 सामुदायिक सुविधाओं** के तहत मूलभूत सुविधाओं का विकास
- नक्सल ऑपरेशन में सफलता **213 से अधिक माओवादी ढेर**, डेढ़ हजार से अधिक माओवादी आत्मसमर्पित या जेल
- **बस्तर ओलंपिक-2025** का सफल आयोजन
- मोदी जी के गारंटी के अनुरूप ग्रामीण घरों को नल से जल की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए जल जीवन मिशन के अंतर्गत 4500 करोड़ रूपए का प्रावधान, **40 लाख परिवारों को नल कनेक्शन** प्रदान किया गया
- प्रदेश में भू-जल समस्या वाले गांवों में पेयजल आपूर्ति के लिए जल जीवन मिशन के 4527 करोड़ रुपए की लागत से राज्य के 18 जिलों में 71 मल्टी-विलेज योजनाओं का काम प्रारंभ, इन योजनाओं के माध्यम से **3234 गांवों में शुद्ध पेयजल** की आपूर्ति की जाएगी
- दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर योजना के अंतर्गत प्रति वर्ष **10 हजार रुपए की आर्थिक सहायता** दी जाएगी, बजट में 500 करोड़ रुपए का प्रावधान है
- वीरनारायण सिंह श्रम अन्न योजना के अंतर्गत श्रमिकों को **5 रुपए में सब्सिडी वाला भोजन** उपलब्ध कराया जा रहा है
- श्रमिकों की समस्या शिकायतों के समाधान एवं सहायता के लिए **श्रमेव जयते पोर्टल** शुरू किया गया है, इसका हेल्पलाइन नं. 0771-3505050 है
- **अटल उत्कृष्ट शिक्षा सहायता योजना:** छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल की योजना के अंतर्गत पंजीकृत श्रमिक परिवारों के बच्चों को श्रेष्ठ आवासीय विद्यालय में निःशुल्क अध्ययन की सुविधा
- मोदी की गारंटी के तहत उद्यम क्रांति योजना प्रारंभ, योजना के तहत युवाओं को मिलेगा स्वरोजगार के लिए **50 प्रतिशत सब्सिडी पर ब्याज मुक्त ऋण**
- छत्तीसगढ़ के चार प्रमुख राष्ट्रीय राजमार्गों के विकास के लिए भारत सरकार द्वारा **11 हजार करोड रुपए की मंजूरी**
- उरगा-कटघोरा बाईपास, बसना से सारंगढ़ (माणिकपुर) फीडर रूट, सारंगढ़ से रायगढ़ फीडर रूट, और रायपुर-लखनादोन आर्थिक गलियारा, परियोजनाओं की कुल लंबाई 236.1 किलोमीटर है, जिसके लिए भारत सरकार ने कुल **9208 करोड़ स्वीकृत** किया है
- केशकाल घाट और धमतरी जगदलपुर मार्ग के **फोर लेन चौड़ीकरण** कार्य की मंजूरी
- सड़कों के विकास के लिए **1200 करोड़ की अतिरिक्त राशि** की स्वीकृति मिली है
- केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने छत्तीसगढ़ में **20 हजार करोड़ रुपए के कार्यों की मंजूरी**
- चार राष्ट्रीय राजमार्गों को फोर लेन किया जाएगा, रायपुर में **चार फ्लाई ओवर बनेंगे**
- विभिन्न सड़क मार्गों के विकास के लिए केन्द्रीय सड़क निधि (सीआरएफ) से **900 करोड़ रू. की घोषणा की**








हवाई सेवाओं का विस्तार **अम्बिकापुर से हवाई सेवाओं का प्रारंभ**

जगदलपुर-बिलासपुर-रायपुर में **हवाई सेवाओं और सुविधाओं का हुआ विस्तार**

प्रदेश में रेल कनेक्टिविटी को बढ़ाने के लिए कटघोरा से डोंगरगढ़ रेल लाईन निर्माण के लिए **300 करोड़ रूपये का बजट प्रावधान**

छत्तीसगढ़ खनिज विकास निधि सलाहकार समिति द्वारा छत्तीसगढ़ रेलवे कॉरपोरेशन को डोंगरगढ़-कबीरधाम मुंगेली कटघोरा रेलमार्ग हेतु भू-अर्जन एवं प्रारंभिक निर्माण कार्य के लिए **300 करोड़ रुपए की राशि दिए जाने की स्वीकृति**

राज्य के 5 शक्तिपीठों के विकास के लिए बजट में **5 करोड़ रुपए का प्रावधान**, शक्तिपीठों के विकास के लिए चारधाम की तर्ज पर 1000 किलोमीटर की परियोजना शुरू की जाएगी

छत्तीसगढ़ के **लोक कलाकारों को प्रोत्साहित करने** तथा लोक संस्कृति का देश विदेश में प्रचार-प्रसार करने के उद्देश्य से बनाए गए छत्तीसगढ़ कलाकार पंजीयन भुगतान नियम 2021" के संबंध में कला, संगीत, नृत्य, नाट्य एवं गायन के क्षेत्र में राज्य अलंकरण प्राप्त कलाकारों के लिए एक विशिष्ट ग्रेड ए।' निर्धारित करने की घोषणा

जनजातीय गौरव दिवस पर बैगा, गुनिया, सिरहा को **सालाना 5-5 हजार रुपए** की मुख्यमंत्री सम्मान निधि देने की घोषणा

जनजातीय स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों और **शहीदों की प्रतिमाएं** स्थान-स्थान पर लगाई जाएंगी

नया रायपुर अटल नगर में निवेश, रोजगार एवं बसाहट को प्रोत्साहन देने हेतु सूचना प्रौद्योगिकी उद्योग, स्वास्थ्य सेवाएं, शैक्षणिक संस्थान, इलेक्ट्रानिक्स एवं इलेक्ट्रिकल उद्योगों के विकास हेतु रियायती प्रीमियम दर पर **भूखण्ड आबंटन की व्यवस्था करने का निर्णय**

राज्य में स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार के लिए आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के साथ ही **शहीद वीरनारायण सिंह स्वास्थ्य योजना** शुरू करने का निर्णय लिया गया है

छत्तीसगढ़ इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस बिलासपुर (सिम्स) में **200 करोड़ रुपए** की लागत से हुए भवन विस्तार कार्य का प्रधानमंत्री ने किया शुभारंभ, मेडिकल कॉलेज अस्पताल रायपुर में भवन विस्तार और सुविधाओं का विकास तेजी से अग्रसर

राज्य में चार नये मेडिकल कॉलेजों के भवनों के निर्माण के लिए निविदा जारी, जांजगीर-चांपा, कबीरधाम, मनेंद्रगढ़ और गीदम मेडिकल कॉलेजों के निर्माण के लिए **1020.60 करोड़ रुपए का प्रावधान**

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र की तर्ज पर छत्तीसगढ़ राज्य राजधानी क्षेत्र तथा संबंधित प्राधिकरण की स्थापना के लिए विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन तैयार करने की प्रक्रिया शुरू, इसके लिए राज्य सरकार द्वारा चालू वित्तीय वर्ष की बजट में **5 करोड़ रूपए का प्रावधान** किया गया है

छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा राज्य में आर्थिक विकास की गति को बढ़ाने के लिए विशेषज्ञ संस्थाओं से परामर्श करने तथा देश और दुनिया में चल रहे बेस्ट प्रौक्टिस को राज्य की परिस्थिति के अनुरूप लागू करने के लिए **छत्तीसगढ़ आर्थिक सलाहकार परिषद का गठन** करने का निर्णय लिया गया है

बस्तर, सरगुजा, मध्य क्षेत्र आदिवासी विकास, अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण तथा छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग विकास प्राधिकरणों का पुनर्गठन, इन **पांचों प्राधिकरणों की कमान अब सीधे मुख्यमंत्री के जिम्मे**

# महत्वपूर्ण योजनाएं



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में **छत्तीसगढ़ जनजातीय सलाहकार परिषद गठित**

छत्तीसगढ़ के माओवादी आतंक प्रभावित जिलों के विद्यार्थियों को तकनीकी एवं व्यावसायिक शिक्षा के लिए मिलेगा **ब्याज रहित ऋण**, शेष जिलों के विद्यार्थियों को 1 प्रतिशत ब्याज दर पर मिलेगा ऋण

एक पेड मां के नाम मुहिम के अंतर्गत लक्ष्य के अनुरूप लगभग **4 करोड़ पौध रोपण किया गया**

छत्तीसगढ़ पुलिस की वर्दी में राष्ट्रपति ध्वज लगेगा, राष्ट्रपति ने **ध्वज लगाने की मंजूरी दी**

वन अधिकार अधिनियम के तहत व्यक्तिगत वन अधिकार पत्रधारकों की मृत्यु होने पर वारिसानों के नाम पर काबिज **वन भूमि का हस्तांतरण किया जा सकेगा**

छत्तीसगढ़ कृषि उपज मंडी अधिनियम में संशोधन छत्तीसगढ़ राज्य के किसानों और विक्रेताओं को **अधिकतम मूल्य मिल पाएगा**

प्रदेश की मितानिनों को अब **हर माह प्रोत्साहन राशि** के ऑनलाइन भुगतान की व्यवस्था लागू

छत्तीसगढ़ में भारतीय विदेश व्यापार संस्थान कोलकाता (आई आई एफ टी) के निर्यात सुविधा केंद्र और भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान **अहमदाबाद के प्रशिक्षण केंद्र की स्थापना के लिए एमओयू पर हस्ताक्षर**

छत्तीसगढ़ के स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों के प्रदर्शन पर नजर रखने के लिए राजधानी रायपुर में **विद्या समीक्षा केंद्र स्थापित**

छत्तीसगढ़ के युवाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए राज्य के 160 आईटीआई को मॉडल आईटीआई के रूप में उन्नयन किया जा रहा है, इसके लिए रोजगार एवं प्रशिक्षण विभाग द्वारा **484 करोड़ 22 लाख रूपए की स्वीकृत**

मुख्यमंत्री द्वारा राज्य खेल अलंकरण समारोह में ओलंपिक खेलों में स्वर्ण पदक जीतने वाले छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों को **तीन करोड़ रुपए**, रजत पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को **दो करोड़ रुपए** और कांस्य पदक जीतने वाले खिलाडियों को **एक करोड़ रुपए** की पुरुस्कार राशि देने की घोषणा की गई

रायगढ़ में **संगीत महाविद्यालय** खोलने की घोषणा की

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की पहल पर पीएम ई-बस सेवा योजना के तहत भारत सरकार द्वारा छत्तीसगढ़ में सार्वजनिक परिवहन के लिए **240 ई-बसों की स्वीकृत**

राज्य सरकार ने गांधी जयंती के अवसर पर छत्तीसगढ़ में खादी वस्तुओं की खरीदी पर **25 प्रतिशत छूट की घोषणा**

राज्य में अलग से **एमएसएमई मंत्रालय बनाने की घोषणा**

इन्वेस्ट इंडिया की तर्ज पर इन्वेस्ट छत्तीसगढ़ आयोजित करने के लिए बजट में **पांच करोड़ रुपए का प्रावधान**

राज्य कर मुख्यालय रायपुर में उद्यमियों, व्यवसायियों और करदाताओं की सुविधा की दृष्टि से **इज ऑफ डूइंग बिजनेस कक्ष** बनाया गया है। इस कक्ष के निर्माण से कई सुविधाएं मिलेगी ।•••







# कुछ लोग संविधान के नाम पर फैला रहे भ्रम : साय



संविधान दिवस के अवसर पर मेडिकल कॉलेज सभागार में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान रायपुर में पदयात्रा निकालकर संविधान के महत्व को बताया गया। वहीं कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय सहित विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, मंत्री, विधायक, सांसद व पार्टी कार्यकर्ता व पदाधिकारी शामिल हुए।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ के महान विभूतियों का भी संविधान निर्माण में योगदान रहा है, जिनको हम कभी नहीं भुला सकते हैं। उनको मैं सादर नमन करता हूं। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने राष्ट्र स्तरीय हमारा संविधान हमारा स्वाभिमान टैग लाइन के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की है। जन-जन को संविधान की जागरूकता के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इसके लिए मोदी जी को धन्यवाद देता हूं। 75 वर्ष बाद भी हर व्यक्ति को अपने अधिकारों को जानना और समझने का अधिकार संविधान ही देता। इसलिए संविधान हमारे लिए आस्था का महत्वपूर्ण दस्तावेज व ग्रंथ जैसा है। कुछ लोग अपने अस्तित्व के खतरे को देखते हुए संविधान को लेकर भ्रामक बाते कर रहे हैं। जिसे हमारा समाज अच्छी तरह समझ चुका है कि सत्य क्या है।

## संविधान के 75वें वर्ष पर निकाली गई पदयात्रा

भारतीय संविधान के 75वें वर्ष पूर्ण होने पर 26 नवंबर 2024 को राजधानी रायपुर में पदयात्रा का आयोजन किया गया है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मुख्य आतिथ्य और विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह की अध्यक्षता में कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इसके बाद चिकित्सा महाविद्यालय कलेक्टोरेट परिसर अम्बेडकर चौक तक पदयात्रा निकाली जाएगी। खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा संविधान दिवस पर आयोजित हो रहे इस कार्यक्रम में अति विशिष्ट अतिथि उपमुख्यमंत्री द्वय अरूण साव, विजय शर्मा, केंद्रीय आवास एवं शहरी विकास मंत्री तोखन साहू, विशिष्ट अतिथि के रूप में कृषि मंत्री रामविचार नेताम, वन मंत्री केदार कश्यप, खाद्य मंत्री दयाल दास बघेल, वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी, उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन, महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े, स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, सांसद बृजमोहन अग्रवाल, विधायक सर्वश्री राजेश मूणत, पुरंदर मिश्रा, मोतीलाल साहू, सुनील सोनी, अनुज शर्मा, इंद्रकुमार साहू, गुरू खुशवंत साहेब के साथ छत्तीसगढ़ राज्य युवा आयोग के अध्यक्ष विश्व विजय सिंह तोमर शामिल हुए। ●●●



# सबके परिश्रम से हमने अपने लक्ष्य को प्राप्त किया है : नितिन नबीन

**60 लाख सदस्य**




भाजपा के प्रदेश प्रभारी नितिन नबीन ने भाजपा संगठन महापर्व सदस्यता अभियान को छत्तीसगढ़ में ऐतिहासिक सफलता के लिए प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव समेत पूरे संगठन और बूथस्तर तक के कार्यकर्ताओं को बधाई दी है। सदस्यता अभियान की समीक्षा के साथ ही संगठन चुनाव कार्यशाला और निकाय व पंचायत चुनावों के मद्देनजर आहूत भाजपा की संभागवार बैठकों में शामिल हुए।

भाजपा प्रदेश प्रभारी श्री नबीन ने कहा कि भाजपा केंद्रीय नेतृत्व ने जिस अपेक्षा व विश्वास के साथ प्रदेश भाजपा के लिए सदस्यता का जो लक्ष्य तय किया था छत्तीसगढ़ के कार्यकर्ताओं ने उसे अर्जित किया और संगठन महापर्व को नई संजीवनी देने और नए सदस्यों व कार्यकताओं को जोड़ने का कार्य किया है, जो स्वागत योग्य है। भाजपा केंद्रीय नेतृत्व ने पूरी तरह से इस अभियान की सफलता के लिए प्रदेश की टीम को बधाई दी है। प्रदेश प्रभारी श्री नबीन ने कहा कि संगठन पर्व की अगली कड़ी के रूप में अब बूथ से लेकर प्रदेश व राष्ट्रीय स्तर पर संगठन चुनाव प्रारंभ हुए हैं। बूथ कमेटियों के गठन के बाद अब मंडल, जिला अध्यक्षों का चुनाव होगा और फिर प्रदेश अध्यक्ष का चुनाव होगा। अब यह प्रक्रिया चल रही है और भाजपा ने जिस तरह संगठन-रचना को पहले भी खड़ा किया है, उसी तरह अब भी पूरी नई टीम संरचना में आए, उसी के मद्देनजर संगठन कार्यशाला रखी गई। इसी के साथ नगरीय निकाय और त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव के दृष्टिगत संभागवार रणनीति भी बनाई जा रही है। श्री नबीन ने दावा किया कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रदेश की भाजपा सरकार ने काम करते हुए लगभग एक वर्ष में जिस तरह केंद्र और प्रदेश की जनकल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतार है, मोदी की गारंटी के तहत किए गए वादों पर तेजी से अमल किया है, वह एक ऐतिहासिक उपलब्धि है और हम मुख्यमंत्री श्री साय और प्रदेश संगठन के नेतृत्व में निकाय और पंचायत चुनाव में भी शानदार सफलता अर्जित करेंगे।

## हर चौथा मतदाता भाजपा का सदस्य : साय

इस बैठक में प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि जिस तरह हमने रायपुर दक्षिण के उपचुनाव में ऐतिहासिक विजय प्राप्त की है, कांग्रेस को जीतने वोट मिले उससे ज्यादा मतों से भाजपा जीती है। यह भाजपा पर जनता का विश्वास बताता है। और यही विश्वास भाजपा सदस्यता अभियान में भी दिखा जब भाजपा ने लक्ष्य से अधिक सदस्य बनाये। सदस्यता अभियान के अपने 60 लाख सदस्यता के लक्ष्य से बढ़कर 60 लाख 66 हजार सदस्य बनाए गए हैं। प्रदेश का हर चौथा मतदाता भाजपा का सदस्य है। श्री साय यहाँ कुशाभाऊ ठाकरे परिसर स्थित प्रदेश कार्यालय में निकाय व पंचायत चुनाव के परिप्रेक्ष्य में संभागस्तरीय बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इन दोनों चुनाव में भी इसी तरह से भाजपा विजय हासिल करेंगी। जनता के बीच हमें डिफेंसिव होकर जाने की आवश्यकता नहीं है। ऑफेंसिव होकर चुनाव में जाएंगे क्योंकि हमने मोदी की गारंटी को पूरा किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बस्तर जैसे संवेदनशील क्षेत्र में भी हमारी सरकार ने शांति स्थापित करने के लिए काम किया है। हम जहां भी जाते हैं, लोग छत्तीसगढ़ और छत्तीसगढ़ सरकार की तारीफ करते हैं।





यह छत्तीसगढ़ की 3 करोड़ जनता का सम्मान है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि विकास के सारे काम हो रहे हैं। बस्तर विकास प्राधिकरण अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण, पिछड़ा वर्ग विकास प्राधिकरण, मध्य क्षेत्र विकास प्राधिकरण गठित किए गए हैं। श्री साय ने धान खरीदी के नाम पर दुष्प्रचार करने के लिए कांग्रेस को आड़े हाथों लेकर साफ किया कि हमारी सरकार 21 क्विंटल प्रति एकड़ धान की खरीदी कर रही है और आगे भी करेगी।

## हमने जनता के विश्वास को 1 साल में ही पूर्ण किया हैः देव

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने कहा कि आगामी निकाय व पंचायत चुनाव विचारधारा के चयन का चुनाव है। श्री देव ने कहा की प्रदेश की भाजपा सरकार ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में ऐतिहासिक काम किया है। महज 1 साल के ही कार्यकाल में मोदी की अधिकतर गारंटियों को पूरा करने का काम किया है, कांग्रेस के भ्रष्टाचार को उजागर करने का काम किया है, कांग्रेस के कुशासन को खत्म कर सुशासन लाने का काम किया है। आज प्रदेश के किसान हों युवा हों या महिला, सभी वर्गों में खुशहाली है। केंद्र की मोदी सरकार और प्रदेश की भाजपा सरकार डबल इंजन की सरकार मिलकर जनता के हक व हित का काम कर रही है। नगरीय निकाय चुनाव में हमारी यही उपलब्धियां हमें जीत दिलाएगी।

## प्रदेश के सभी नगरीय निकायों में विकास के काम चल रहे : साव

उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि प्रदेश में 188 नगरीय निकाय है और निकायों में 3,538 वार्ड हैं। हमारी सरकार बनने के बाद राज्य के सभी नगरीय निकायों को 2 हजार करोड़ रु. की राशि स्वीकृत हुई है। सभी नगरीय निकायों में विकास के काम चल रहे हैं। स्वच्छता को सर्वोच्च प्राथमिकता में रखा। एक वातावरण इसको लेकर प्रदेश में बनाएं। जन समस्या निवारण पखवाड़ा लगाया गया, उसमें आप सभी ने भूमिका निभाई और अब जब नगरीय निकायों में व्यापक रूप से काम चल रहा है, पार्टी ने जो योजना बनाई है, उस योजना के अनुसार काम करेंगे। नगरीय निकायों में भाजपा मजबूत हो रही है। अब फिर हर वर्ग के प्रतिनिधित्व को ध्यान में रखते हुए इस चुनाव में हमें जाना होगा। शहरों में अभी प्रधानमंत्री आवास 2.0 के लिए सर्वे चल रहा है। एक-एक कार्यकर्ता इस अभियान में जुटेगा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की महत्वाकांक्षी योजना के काम को समय पर पूरा करना है हम पॉजिटिव होकर आगे बढ़ेंगे।

## आगामी चुनाव में हम विशाल विजय की ओर होंगे : शर्मा

उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने पंचायत चुनाव के तकनीकी पक्ष से पदाधिकारी को अवगत कराया। उन्होंने कहा जनहितैषी प्रत्येक काम को जागरूक रह कर निगरानी करना है। उन्होंने कहा कि यह ना भूले की प्रधानमंत्री आवास के लिए हमने संघर्ष किया है गोलियां लाठी और आंसू गैस के बम तक झेले हैं । हमारे संघर्ष का परिणाम हमारे सामने है और जनता को हम अपना किया वादा निभा रहे हैं और उससे भी बढ़कर अब हम बस्तर क्षेत्र के नक्सली प्रभावितों को भी आवास दे रहे हैं उन्होंने कहा कि हमारे जिला अध्यक्ष और पदाधिकारी जिम्मेदारी ले कर पूरी ताकत से कार्य करेंगे और पंचायत चुनाव जीतने से हमें कोई नहीं रोक सकता। बैठक को संबोधित करते हुए विधायक सौरभ सिंह ने बताया कि पंचायत चुनाव को लेकर अभी भी 14 दिसंबर तक आपका नाम मतदाता सूची में जोड़ा जा सकता है।

## सबके सहयोग से हुआ लक्ष्य पूर्ण : सिंहदेव

भाजपा सदस्यता अभियान के प्रदेश संयोजक अनुराग सिंहदेव ने कहा कि 60 लाख का लक्ष्य पूर्ण करना हम सबके लिए एक बड़ी चुनौति थी। जिसे कार्यकर्ताओं व सभी पदाधिकारियों के सहयोग से पूर्ण किया है। यह हम सबके लिए सुखद क्षण है कि 60 लाख 66 हजार 032 सदस्य बनाए गए हैं। इसके साथ ही 70 हजार 603 सक्रिय सदस्य बना गए हैं। ।•••





विष्णु देव साय

# सार्थकता, समृद्धि व सुशासन के 1 बरस

अंत्योदय' के लक्ष्य के साथ हमारी सरकार ने अपने पंचवर्षीय कार्यकाल का एक वर्ष पूरा कर लिया। यह सब आपके सहयोग और विश्वास के बूते संभव हो सका। पहले लोकसभा और हाल ही में हुए विधानसभा उपचुनाव की हमारी जीत ने इस विश्वास पर मुहर लगाई है कि छत्तीसगढ़ सरकार पर जनता का भरोसा बना हुआ है। गर्व से भरी खुशी यह भी है कि एक राज्य के तौर पर छत्तीसगढ़ ने अपनी स्थापना के 24 वर्ष पूरे कर लिए हैं। प्रदेश की करोड़ों जनता का कोटि-कोटि अभिनंदन...! हम सब मिलकर धान का कटोरा वाले राज्य को विकसित छत्तीसगढ़ बनाएंगे, यही संकल्प है।

एक ओर आदमी होता है और एक तरफ समय और जब दोनों मिलते हैं तो इतिहास बनता है। गुजरे दिसंबर माह में जब मैंने मुख्यमंत्री पद की जिम्मेदारी संभाली थी तो हमारे समक्ष 'मोदी की गारंटी' को पूरा करने की चुनौती थी। सरकार का खाली खजाना हमें विरासत में मिला था लेकिन कुशल आर्थिक नीतियों और प्रबंधन के बलबूते हमने सभी वादों को पूरा कर दिखाया। प्रदेश की आधी आबादी यानि मातृशक्ति को आर्थिक तौर पर स्वावलंबी बनाने का वादा पूरा करते हुए हमने सर्वप्रथम महतारी वंदन योजना लागू की जिसके अंतर्गत 70 लाख महिलाओं को प्रतिमाह एक हजार रूपये की राशि प्रदान कर नारी शक्ति को आर्थिक तौर पर समृद्ध किया है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु छत्तीसगढ़ प्रवास पर आईं तो वे इस योजना की लाभार्थी महिलाओं से रूबरू हुईं और योजना को कल्याणकारी बताया। किसान हमारे अन्नदाता हैं इसलिए सरकार ने 13 लाख किसानों को 3,716 करोड़ रुपये का बकाया भुगतान करने का अपना वादा पूरा किया। राज्य में अब तक 3100 रूपये प्रति क्विंटल की दर से 38.98 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी हुई और धान खरीदी के एवज में 8.28 लाख किसानों को 8973.24 करोड़ रूपए का भुगतान करके कृषक परिवारों को आर्थिक मजबूती प्रदान की है। पिछले पांच वर्षों में पैदा किए गए 'भरोसे के संकट' को समाप्त कर हमने विश्वास एवं विकास का वातावरण निर्मित किया है।

'हमने बनाया था-हम ही संवारेंगे' के लक्ष्य के साथ हमारी सरकार जनता-जनार्दन की सेवा में लगी है। राज्य की करोड़ों जनता ने हमें सरकार चलाने की जिम्मेदारी सौंपी तो हमारे इरादे स्पष्ट थे कि सरकार शासन से सुशासन की ओर चलेगी। हमने युवाओं के सुनहरे भविष्य की राह आसान करते हुए 9000 से अधिक रिक्त पदों पर सरकारी भर्ती प्रारंभ की है। पीएससी के ताजा परीक्षा परिणामों ने प्रदेश के युवाओं में नए विश्वास और उत्साह का निर्माण किया है। 10 हजार करोड़ की राशि से चार नए राष्ट्रीय राजमार्ग बनाए जा रहे हैं। नगरीय निकायों और पंचायतों में आरक्षण सीमा को 50 तक बढ़ाने का फैसला कर हमने जतला दिया है कि सरकार चलाने में सभी वर्गों की समान भागीदारी होनी चाहिए। छत्तीसगढ़ सरकार प्रदेश को माओवाद-मुक्त बनाने के लिए संकल्पित है। इसी दृष्टि से बस्तर क्षेत्र में प्रस्तावित 64 सुरक्षा कैंप में से 40 की स्थापना की जा चुकी है। लाल आतंक को मुँहतोड़ जवाब देने की नीति के अनुसार नवंबर महीने तक 117 मुठभेड़ों में 210 माओवादियों को मार गिराया गया, 801 नक्सली गिरफ्तार हुए एवं 742 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है। साथ ही जो माओवादी हिंसा का रास्ता छोड़कर आए हैं, उनके पुनर्वास के लिए ठोस नीति बनाई गई है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में देश विश्व गुरू बनने की ओर अग्रसर है और छत्तीसगढ़ उसमें पूरे सामर्थय के साथ अपना योगदान दे रहा है। जल जीवन मिशन के तहत 80 प्रतिशत घरों तक नल से जल की आपूर्ति की जा रही है। पिछले एक वर्ष में इस अभियान ने छत्तीसगढ़ में अपनी रफ्तार पकड़ी है। हर घर को छत देने का वादा पूरा करते हुए प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राज्य में पीएमएवाई-जी के तहत 5.11 लाख लाभार्थियों के बैंक खातों में सीधे 2,044 करोड़ रुपये की पहली किस्त हस्तांतरित की है, ताकि वे अपना घर बना सकें। यह राजनीति का विषय नही है लेकिन दुःख के साथ कहना पड़ता है कि पिछली सरकार ने प्रधानमंत्री आवास योजना के नाम पर जनता के साथ छल किया था। इसके उलट एक साल के अंदर हमने सभी वर्गों का विश्वास जीता है, कोटिशः चेहरों पर खुशहाली लाने में कामयाब हुए हैं।

अभी तो यह एक पड़ाव मात्र है। जैसा कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु जी ने अपने छत्तीसगढ़ प्रवास पर उदघोष किया था कि विकसित छत्तीसगढ़ तो विकसित भारत, हमारी सरकार ने इस ओर कदम बढ़ाने शुरू







कर दिए हैं। हम सरगुजा-बस्तर की ओर देखो' की नीति पर काम कर रहे हैं। जनजातियों के कल्याण के लिए हमने आदिवासी गांवों में 25 बुनियादी सुविधाओं की पहुंच बढ़ाने के लिए 'नियद नेल्लानार' योजना शुरू की है। सरकार जल्द ही चना वितरण योजना शुरू करेगी जिससे 30 लाख से अधिक परिवार लाभान्वित होंगे। यह कुपोषण के खिलाफ अमोघ अस्त्र होगा। 148 हाई और हायर सेकेण्डरी पीएमश्री स्कूल में अटल टिंकरिंग लैब शुरू करना, आत्मसमर्पित नक्सलियों और पीड़ित परिवारों को 15 हजार आवास, पर्यटन परियोजनाओं के लिए केंद्र सरकार द्वारा प्रदेश को 147.66 करोड़ की राशि की स्वीकृति, दो हजार मेगावाट की सौर परियोजना, जगदलपुर में 118 एकड़ भूमि पर औद्योगिक क्षेत्र का निर्माण शुरू करना, सरगुजाकृबस्तर के विकास पर विशेष फोकस, नई औदयोगिक नीति का निर्माण, स्वास्थ्य बजट का दुगुना होना, ये सारे फैसले हमारी कुशल दूरदृष्टि और बुलंद इरादों को दर्शाते हैं।

25 दिसंबर को पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी बाजपेयी की जयंती है जिसे हम 'सुशासन दिवस' के रूप में मनाते हैं। अटल जी हमारे राज्य निर्माता है। उन्होंने इस भौगोलिक क्षेत्र को नए राज्य के रूप में आकार देकर प्रदेशवासियों की भावनाओं का सम्मान किया। इसी के समानांतर अपने श्रम और प्रतिभा के दम पर छत्तीसगढ़वासियों ने विकास के मामले में खुद को अन्य राज्यों से आगे लाकर खड़ा कर दिया। आंकड़े गवाही दे रहे हैं कि इस वर्ष प्रति व्यक्ति आय 01 लाख 47 हजार 361 रूपये तक संभावित है, जो गत वर्ष की तुलना में 7.31 प्रतिशत अधिक है। हमने विकास का ज्ञान' मॉडल अपनाया तथा छत्तीसगढ़ की जी.एस.डी.पी. आने वाले 05 सालों में 10 लाख करोड़ करने का लक्ष्य रखा है। हमने नई औदयोगिक नीति लागू की है जिसका उद्देश्य रोजगार को बढ़ावा और 2047 के अनुरूप विकसित छत्तीसगढ़ का निर्माण की परिकल्पना को साकार करना है। राज्य के प्रत्येक व्यक्ति का विश्वास हासिल करना, उनके चेहरे पर तरक्की और संतोष की मुस्कान दिखे, मेरे मुख्यमंत्री होने की सार्थकता इसी में है। ।●●●

**लेखक प्रदेश के मुख्यमंत्री हैं।**

# वनवासी वीरों की चर्चा हर युग में होगी: देव



गीदम स्थित जावंगा के ऑडिटोरियम में आज जनजातीय गौरव दिवस उत्साह और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर आयोजित समारोह में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण सिंह देव ने अपने उद्बोधन में कहा कि जनजातीय समाज के उत्थान में भगवान बिरसा मुंडा जी का योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा। उनके आदर्श और संघर्ष की गाथा आज भी प्रेरणादायक है। उनकी 150वी जयंती को आज पूरा देश मना रहा है। जनजातीय समाज की विरासत सदैव गौरवशाली रही है। समाज कभी भी अपने स्वाभिमान से समझौता नहीं किया है। जनजातीय गौरव दिवस मना रहे है इसका पूरा श्रेय देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्व. श्री अटल बिहारी हो जाता है। देश के विभिन्न 500 अलग-अलग स्थानों में भव्य समारोह आयोजित किए गए हैं। जनजातीय समाज हमेशा ही देश की स्वतंत्रता के लिए अपनी आहुति दी है जननायक गुंडाधुर के योगदान और भूमकाल विद्रोह को भी कभी भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में जनजातीय समाज उत्तरोत्तर प्रगति की ओर अग्रसर है शिक्षा, स्वास्थ्य और खेल जैसे विभिन्न कार्यक्षेत्रों में जो सकारात्मक परिवर्तन आया है इसका पूरा श्रेय देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को है।

इस मौके पर प्रधानमंत्री श्री मोदी के बिहार के जामूई जिले में आयोजित कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया गया। इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री द्वारा 66 हजार करोड़ रुपए के विभिन्न विकास कार्यों का शिलान्यास एवं लोकार्पण किया गया।

## जनजातीय जीवन प्रेरणादायी : साव

भगवान बिरसा मुंडा जी की जयंती के अवसर पर उप मुख्यमंत्री अरुण साव खुड़िया, लोरमी में आयोजित जिला स्तरीय विश्व जनजातीय गौरव दिवस समारोह में सम्मिलित हुए। इस दौरान उन्होंने कहा कि जनजातीय समाज के विकास के लिए भाजपा की सरकार संकल्पित है। वनवासी समाज के नायकों ने जिस वीरता का उदाहरण प्रस्तुत किया है वह हमेशा सबके लिए अनुकरणीय होगा। उन्होंने कहा कि हम सब मजबूत संकल्प के साथ सर्व समाज के उन्नति के लिए जुटे हुए हैं।





## बिरसा मुंडा हम सबके गौरव: कश्यप

प्रदेश के वनमंत्री केदार कश्यप जनजाति गौरव दिवस के अवसर पर जगदलपुर में आयोजित कार्यक्रमों में सम्मिलित हुए। जगदलपुर के पीजी कॉलेज ग्राउंड में आयोजित सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ जनजातीय बहुल क्षेत्र वाला प्रदेश है। हम सब अपने वीर पुरखों के उपासक हैं। उनके बताए हुए मार्ग पर चलकर उनके उद्देश्यों की स्थापना ही हम सबका अंतिम लक्ष्य है। भगवान बिरसा मुंडा हम सबके गौरव व प्रेरणादायी हैं।

## मंथन



# विचारधारा का विस्तार ही हम सबका संकल्पः शिव प्रकाश

भाजपा के राष्ट्रीय सह संगठन मंत्री शिवप्रकाश ने कहा कि पंचायत और नगरीय निकाय के चुनाव में भाजपा या हमारी विचारधारा के समर्थक साथी आएंगे तो जनता का पैसा बर्बाद नहीं होने देंगे। उन्होंने कहा कि अच्छे पढ़े-लिखे लोग गाँव में जाकर काम कर रहे हैं और वहां की तकदीर बदल रहे हैं।

राष्ट्रीय सह संगठन मंत्री शिवप्रकाश कुशाभाऊ ठाकरे परिसर स्थित प्रदेश कार्यालय में पंचायत व निकाय चुनावों को लेकर आहूत भाजपा के सम्भागवार बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया। उन्होंने कहा कि हमारे आने वाले कार्यक्रम भी रचनात्मक और युवाओं पर केंद्रित हों। ऐसा होता है तो हम गाँवों को भी क्रिएटिव सोच के नेतृत्व दे सकेंगे। ऐसा करने पर जनता भी मानेगी कि आप नई पीढ़ी को एड्रेस कर रहे हैं।

### घोटालेबाजों के जेल में जाने का सिलसिला शुरू : विष्णु देव साय

प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने बैठक को संबोधित करते हुए सर्वप्रथम रायपुर दक्षिण विधानसभा उपचुनाव की जीत की सभी को बधाई दी। उन्होंने कहा कांग्रेस जितने वोट नहीं हासिल कर सकी उससे ज्यादा वोटों के अंतर से हमने जीत हासिल की। यह उपलब्धि ऐतिहासिक है। सदस्यता अभियान की सफलता पर भी मुख्यमंत्री श्री साय ने सभी को बधाई देते हुए कहा कि मोदी की गारंटी पर सबने विश्वास किया।

### पंचायत से पार्लियामेंट तक हो भाजपा का नेतृत्व : किरण देव

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष किरण सिंह देव ने बैठक में पहले रायपुर दक्षिण के उपचुनाव में मिली प्रचंड जीत और महाराष्ट्र चुनाव में छत्तीसगढ़ के कार्यकर्ताओं की सफल भूमिका हेतु भी बधाई दी। जनता भी अब चाहती है कि पंचायत से पार्लियामेंट तक भाजपा के प्रतिनिधि नेतृत्व करें। विधानसभा और लोकसभा चुनाव में मिली जीत के बाद अब नगरीय निकाय और त्रि-स्तरीय पंचायत में अब हम बड़ी जीत अर्जित करेंगे।

### ये चुनाव कार्यकर्ताओं को नेतृत्व देने वाले चुनाव हैं : नवीन

भाजपा प्रदेश प्रभारी नितिन नबीन ने कहा कि हम सब इस बात को सदैव याद करते हैं जब केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा था कि जब तक पंचायत से पार्लियामेंट तक हमारी सरकार नहीं बनेगी, तब तक संतुष्ट नहीं होंगे। ये चुनाव कार्यकर्ताओं को नेतृत्व



भये प्रगट कृपाला दीनदयाला...

देने वाले चुनाव हैं। छत्तीसगढ़ की विष्णुदेव साय सरकार ने जो काम किया है। वह ऐतिहासिक है। अपने कई वादे केवल कुछ महीनों के भीतर ही पूरे कर दिए। चुनावी रणनीति व आगामी कार्यक्रमों पर उन्होंने विस्तार से मार्गदर्शन दिया।

### शहर से लेकर गाँव तक हो रहा विकास : साव

प्रदेश के उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने बैठक में कहा कि लोगों में शहरों को भाजपा का गढ़ माने जाने आम धारणा है, लेकिन हमारी सरकार बनते ही हमने गाँव-गाँव तक राशि पहुँचाई है। शहर से लेकर गाँव तक केवल विकास के काम हो रहे हैं। स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा जा रहा है। नगरीय निकायों, नगर पालिका, नगर पंचायत, सभी के कार्यों की गति बढ़ा दी गई है। उन्होंने कहा कि नगरीय निकायों में अधिकतर जगह कांग्रेस के लोग रहे हैं। उनकी असफलता से लोग परेशान रहे हैं। उनकी असफलता को जन-जन तक ले जाएंगे। चुनाव में हम प्रचंड जीत हासिल करेंगे।

### भाजपा की सरकार सुशासन को समर्पित : शर्मा

उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जो विजन है, वन नेशन वन इलेक्शन, उसे ध्यान में रखकर मुख्यमंत्री श्री साय के निर्देश पर छत्तीसगढ़ में नगरीय निकाय और त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव एक साथ होंगे। यह चुनाव बेहद महत्वपूर्ण है। जिलों में चुनाव एक फेस में हो, नतीजे एक साथ आएँ, इसका प्रयास होगा। श्री शर्मा ने कहा कि प्रदेश में सुशासन को लेकर बड़े-बड़े निर्णय हुए। उसको लेकर कार्ययोजना बनाई गई है। इन फैसलों को पंचायत स्तर तक लेकर जाएंगे।

### सक्रिय सदस्य हों हमारे प्रत्याशी : साय

भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय ने बैठक में मार्गदर्शन करते हुए कहा कि आने वाले चुनाव के हमारे प्रत्याशी सक्रिय सदस्य हों, इसे सुनिश्चित करना है। हमारे बूथ के चुनाव, मंडल के चुनाव, जिलों के चुनाव की प्रकिया समय पर पूरी हो तो हम पंचायत चुनाव और निकाय चुनाव में बेहतर सहभागिता दे सकेंगे। ।•••

# बेटियों का हो सुखद कल, सबको मिले सरस्वती साइकिलः किरण देव



भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने सरस्वती साइकिल अभियान के तहत जगदलपुर के स्कूली छात्राओं को साइकिल प्रदाय किया। उन्होंने कहा कि सरस्वती साइकिल योजना की शुरुआत पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह के नेतृत्व में की गई थी। इसका प्रतिफल यह रहा कि शाला छोड़ने वाले बेटियों की संख्या कम हो गई थी और बेटियां अधिक संख्या में स्कूल पहुंचने लगी थीं। और फिर से एक बार मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में इस योजना को विस्तार मिल रहा है। हम बेटियों की शिक्षा के लिए संकल्पित हैं। और इस समय पूरे प्रदेश में इस अभियान से हर कोई जुड़ रहा है। वहीं, दरभा मंडल के चिंगपाल शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय प्रांगण में स्कूली बच्चों को साइकिल वितरित की गई। उन्होंने कहा कि एक ऐसा समय था जब कांग्रेस की सरकारें होती थीं तब लाभार्थी शब्द से समाज अवगत नहीं था, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जनकल्याणकारी योजना बनाकर समूचे समाज को लाभार्थी शब्द से जोड़कर योजनाओं का लाभ पहुंचाया है। उन्होंने कहा कि बेटियां पढ़ेंगी तो विकास गढ़ेंगी। बेटियों के ही शिक्षा से ही हम समृद्ध राष्ट की परिकल्पना करते हैं।

# अन्नदाता व अंत्योदय की है भाजपा सरकार : संदीप शर्मा

भाजपा के किसान मोर्चा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं प्रदेश प्रवक्ता संदीप शर्मा ने धान खरीदी को लेकर कांग्रेस द्वारा किए गए धरना-प्रदर्शन को कांग्रेस का एक और सुपर फ्लॉप शो बताते हुए कहा है कि कांग्रेस ऐसी लाख सियासी ड्रामेबाजी कर ले,



लेकिन वह प्रदेश के किसानों को अपने झूठ से कतई गुमराह नहीं कर पाएगी। श्री शर्मा ने कहा कि प्रदेश का एक-एक अन्नदाता किसान आज मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाली भाजपा की प्रदेश सरकार की धान खरीद नीति से खुशहाल है। धान खरीदी को लेकर कांग्रेस अपने शासनकाल के धत्कर्मों पर पर्दा डालने के लिए अब किसानों को उकसा कर प्रदेश में अराजकता लाने की नाकाम कोशिश कर रही है। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता संदीप शर्मा ने कहा कि कांग्रेस बारदाना, टोकन और तौल को लेकर मिथ्या प्रलाप करने में लगी है। कांग्रेस को यह नहीं भूलना चाहिए कि उसके शासनकाल में धान खरीदी में समितियों में तौल को लेकर व्यापक स्तर पर गड़बड़ी की शिकायत पूरे प्रदेश से आ रही थी।

# कांग्रेसियों ने हमेशा खजाना खाली किया हैः श्रीवास्तव



भाजपा के प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव ने शराब के लिए आबकारी विभाग द्वारा 'मनपसंद' एप लॉन्च किए जाने पर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर आई टिप्पणी को कोरा प्रलाप बताते हुए कहा कि शराब के कारबोर को लेकर प्रदेश की भाजपा सरकार पर कोई भी टिप्पणी करने से पहले बघेल को कम-से-कम अपना गिरेबाँ तो झाँक लेना था। श्री श्रीवास्तव ने कहा कि शराब घोटाला और हजारों करोड़ रुपए के दीगर घोटाले करने वाली कांग्रेस सरकार के पूर्व मुख्यमंत्री बघेल को ऐसी ओछी टिप्पणियाँ करने पर शर्म महसूस करनी चाहिए। श्रीवास्तव ने कहा कि राजनीतिक निर्लज्जता की सीमाएँ लांघते बघेल को यह याद रखना चाहिए कि कांग्रेस के शासनकाल में शराब के दो काउंटर चलते थे, एक वैध और दूसरा अवैध। यह सब करके कांग्रेस की भूपेश सरकार सरकारी खजाने तक को लूटकर गई। अब भारतीय जनता पार्टी चाहती है कि सबकुछ वैध हो, पारदर्शी हो, ऑनलाइन हो और किसी भी प्रकार से राजस्व की हानि न हो। इस नेक इरादे से शुरू किए गए एप पर बघेल आज प्रलाप कर रहे हैं। जब कोरोना की भयावह त्रासदी से पूरा प्रदेश जूझ रहा था तब मुख्यमंत्री रहते हुए बघेल शराब की बिक्री चालू कराने के लिए किस स्तर तक जाकर लालायित हो रहे थे ! जब एक तरफ कोरोना के चलते लोग मर रहे थे और जब जनता को दुआ और दवा की जरूरत थी, तब तो खुद बघेल भी एप लॉन्च करके घरो-घर शराब पहुँचा रहे थे और जो लोग बघेल के कहने पर यह काम कर रहे थे, आज सब जेल में हैं।



भये प्रगट कृपाला दीनदयाला...

## विश्वास को मिला व्यापक जनसमर्थनः शिवरतन शर्मा



भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष और रायपुर दक्षिण विधानसभा उपचुनाव के संयोजक शिवरतन शर्मा ने उपचुनाव के नतीजे को भाजपा के विश्वास के अनुरूप बताते हुए कहा कि जातिवाद और साम्प्रदायिक तुष्टीकरण का जहर फैलाने में लगी कांग्रेस ने जिस दोहरे राजनीतिक चरित्र का प्रदर्शन करके प्रदेश को अराजकता की दिशा में धकेलने का षड्यंत्र रचा था, रायपुर दक्षिण की जनता ने उसका करारा जवाब कांग्रेस को दे दिया है और कांग्रेस की दुर्गति उसी का परिणाम है।

भाजपा के विकास और सुशासन के प्रति अगाध समर्थन की प्रचंड आंधी में कांग्रेस एक बार फिर तिनके की तरह उड़ गई। अब छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार और अधिक ताकत के साथ न केवल युवाओं की प्रतिभा के अनुरूप उनके विकास और रोजगार के अवसरों को बढ़ाएगी, अपितु उनकी संभावनाओं के आकाश पर उनके सपनों को उड़ान भरने का पूरा मौका देगी। भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष श्री शर्मा ने कहा कि भाजपा की यह जीत जनता-जनार्दन के संकल्पों की जीत है। रायपुर दक्षिण की जनता ने भाजपा के संकल्पों और मोदी की गारंटी, विष्णु देव सरकार के ऐतिहासिक कार्यों और दक्षिण विधासनभा में पिछले कई वर्षों पूर्व विधायक व सांसद बृजमोहन अग्रवाल द्वारा किए जा रहे विकास पर मुहर लगाई है। भाजपा की सरकार, विकास का विजन, जनकल्याणकारी नीति और सेवा व सुशासन की नीयत के साथ रायपुर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र के साथ ही प्रदेश को नई ऊँचाइयों पर ले जाएगी।

# भाजपा के संभागीय बैठक में हुई समीक्षा




भाजपा के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जम्वाल ने पूरे प्रदेश के पांचों संगठन संभागों में बैठक कर पार्टी संगठन के कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान प्रदेश महामंत्री संगठन पवन साय भी मौजूद रहे। इस बैठक में विधानसभा क्षेत्रों मे विधायक के कामकाज की समीक्षा की। इसी क्रम में सूरजपुर जिला पहुंचे क्षेत्रीय संगठन महामंत्री श्री जम्वाल ने बैठक ली। इस बैठक में सरगुजा संभाग के मंत्री व विधायक के अलावा भाजपा जिलाध्यक्ष भी शामिल रहे। संभागीय बैठक में क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जम्वाल ने संभाग के विधानसभा क्षेत्रवार विधायक की उनके सक्रियता का हालचाल जाना। उन्होंने क्षेत्र में चल रहे केन्द्र व राज्य सरकार की योजनाओं की प्रगति की भी जानकारी पूछी। बैठक मे सभी विधायक अपने अपने क्षेत्र मे चल रहे विकास कार्य की प्रगति की जानकारी अलग अलग दी। संभागीय बैठक में चुनाव के एक साल पूरे होने पर आयोजित की गई थी ऐसे में साल भर हुए विकास कार्य व स्थानीय संगठन से बेहतर तालमेल के बारे भी विस्तृत जानकारी ली गई।

प्रदेश महामंत्री संगठन पवन साय ने संगठन महापर्व में विधायक की उनके क्षेत्र मे सहभागिता पर चर्चा किया तथा सभी विधानसभा क्षेत्रों मे संगठन महापर्व मे सदस्यता अभियान व सक्रिय सदस्यता को लेकर सभी विधायकों से अलग अलग बात की। उन्होंने संगठन चुनाव को लेकर जिलाध्यक्षों से बातचीत करते हुए मंडल अध्यक्ष के चयन को लेकर निर्धारित मापदंड को कड़ाई से पालन कराने को कहा है। संभागीय बैठक में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव व नगरीय निकाय के चुनाव की तैयारी को लेकर भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि सरकार व आयोग जब भी स्थानीय निर्वाचन की तिथि घोषित करे हमें चुनाव में जाने के लिए संगठन की दृष्टि से सभी आवश्यक तैयारी पूरी करनी चाहिए।

प्रदेश सरकार के 1 वर्ष पूर्ण होने के पश्चात जनादेश दिवस के पावन दिन सरगुजा संभागीय बैठक के अवसर पर सूरजपुर पहुंचने पर छत्तीसगढ़ प्रदेश की जनता द्वारा एक साल पूर्व पूरे प्रदेश के 54 विधायकों को भारी मतों से जिताकर भाजपा की झोली में डाला था। इस दौरान जिला अध्यक्षों से जिले में चल रही संगठनात्मक गतिविधियों पर विस्तार से चर्चा की गई। इसके साथ ही आमजनों तक केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं को पहुंचाने के आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जयसवाल व विधायक प्रबोध मिंज और सूरजपुर जिला अध्यक्ष बाबूलाल अग्रवाल सहित पार्टी पदाधिकारी मौजूद थे।

# सादर नमन



भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा रायपुर प्रवास के दौरान पूर्व राज्यसभा सांसद स्व. श्री गोपाल व्यास जी के निवास जाकर उन्हें अपनी विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान मुख्यमंत्री विष्णु देव साय भी मौजूद थे।

# विधायक दल की बैठक





विधानसभा सत्र से पूर्व भाजपा विधायक दल की बैठक हुई। जिस पर विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई।

## कांग्रेस के कुशासन को कोई नहीं भूल सकता : रामू रोहरा



भाजपा के प्रदेश महामंत्री जगदीश (रामू) रोहरा ने भाजपा की प्रदेश सरकार के एक साल के कार्यकाल पर की गई टिप्पणी को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पर तीखा हमला बोला और कहा है कि जिस कांग्रेस सरकार के मुखिया के तौर पर बघेल अपने पाँच साल के कार्यकाल में एक बार भी रिपोर्ट कार्ड पेश करने की नैतिक जिम्मेदारी तक निभा नहीं पाए, आज वे मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार के रिपोर्ट कार्ड पर प्रलाप कर रहे हैं। भाजपा प्रदेश महामंत्री श्री रोहरा ने कहा कि वादाखिलाफी, माफिया राज, गुण्डा राज, अन्याय, अत्याचार और भ्रष्टाचार में आकंठ संलिप्त रही कांग्रेस की सरकार में दरअसल जनता को अपना मुँह दिखाने के लायक ही नहीं रह गई थी।

भूपेश सरकार ने हर वर्ग के लोगों के साथ जो छल-कपट व धोखाधड़ी की, उससे जन असंतोष अपने चरम पर था। भूपेश सरकार ने पाँच साल के कुशासन के चलते अपना भरोसा खो दिया और विधानसभा, लोकसभा और हाल ही हुए उपचुनाव में कांग्रेस को उसकी राजनीतिक हैसियत दिखा दी है। श्री रोहरा ने कहा कि आज भाजपा की प्रदेश सरकार अपने एक साल के रिपोर्ट कार्ड के साथ जनता के बीच जा रही है। प्रधानमंत्री आवास को स्वीकृति, महतारी वंदन योजना, सुव्यवस्थित धान खरीद नीति, पीएससी घोटाले की सीबीआई जाँच जैसे वादे पूरे करके तेज रफ्तार से मोदी की गारंटी पर अमल कर रही है।



भये प्रगट कृपाला दीनदयाला...

## वनवासियों का जीवन हो रहा बेहतर : महेश कश्यप



बस्तर सांसद श्री महेश कश्यप ने कहा कि मुझे बताते हुए गौरव होता है जब 2014 में श्री नरेन्द्र मोदी पहली बार प्रधानमंत्री बने तब आजादी के 65 वर्षों के बाद भी इस देश के 14 हजार से ज्यादा जिन गांवों में बिजली नहीं पहुंची थी, उन घरों में बिजली पहुंचायी गई। 45 करोड़ से ज्यादा गरीबों का जनधन का खाता खोलने का काम पहली बार श्री नरेंद्र मोदी ने प्रधानमंत्री बनने के बाद किया।

बस्तर सांसद श्री कश्यप ने कहा कि हमारे देश के एक पूर्व प्रधानमंत्री ने स्वीकारा था कि हम दिल्ली से 100 रूपए भेजते हैं तो गांव तक 15 रूपए पहुंचता है, किन्तु आज प्रधानमंत्री श्री मोदी की योजनाओं के माध्यम से हितग्राहियों के खाते में डीबीटी से सीधे राशि पहुंचाई जा रही है। उन्हें सफल प्रधानमंत्री के रूप में गांव, गरीब, किसान का आशीर्वाद मिल रहा है, जिससे देश और राज्य निरंतर प्रगति के पथ पर आगे बढ़ रहा है। महेश कश्यप ने कहा कि प्रथम कार्यकाल में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने विपरीत परिस्थितियों में देश की सत्ता का नेतृत्व किया, लेकिन अपने कुशल नेतृत्व के कारण परिस्थितियों को अपने अनुकूल भी बना लिया। उन्होंने भारत को विश्व में एक अलग पहचान दिलाई। श्री मोदी के नेतृत्व में भारत प्रत्येक क्षेत्रों में विकास करते हुए आगे बढ़ रहा है, जिसका लाभ देश की जनता को मिल रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में वनवासी समाज के जीवन स्तर बेहतर हो रहा है। और वनवासी समाज उत्थान के मुख्यधारा से लगातार जुड़ता जा रहा है।

# बैठक



राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश ने दिल्ली में छत्तीसगढ़ के भाजपा सांसदों की बैठक ली। इस दौरान क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जम्वाल, प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय व केंद्रीय राज्यमंत्री श्री तोखन साहू सहित प्रदेश के सांसद मौजूद रहे।

# सार्थक चर्चा




मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में बस्तर विकास प्राधिकरण की बैठक चित्रकोट में हुई। इस दौरान बस्तर विकास पर अहम फैसले लिए गए। बैठक में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव, उपमुख्यमंत्री अरुण साव, सहित मंत्रिमंडल के सदस्य व विधायकगण मौजूद थे।

# श्रद्धेय मंगलराम उसेंडी थे बस्तर में भाजपा के शुभांकर

## राम मंदिर निर्माण के लिए कारसेवकों का किया था नेतृत्व

- सरकारी नौकरी छोड़कर चुनी समाजसेवा की राह
- भाजपा ने उत्तर बस्तर जिले का जिलाध्यक्ष बनाया
- साल 1990 में कोंडागांव से विधायक निर्वाचित हुए



बस्तर की राजनीति के नींव रहे श्रद्धेय श्री मंगलराम उसेंडी ऐसे कर्मठ राजनेता थे, जिन्होंने कार्यकर्ताओं को त्याग, तपस्या और बलिदान की शिक्षा दी। उन्होंने अयोध्या में राम मंदिर के लिए बस्तर के कारसेवकों का नेतृत्व किया था। एक वन रक्षक से विधायक तक का उनका राजनीति सफर प्रेरणा से भरा है।

मंगलराम उसेंडी जी का जन्म 1 अप्रैल 1935 को नारायणपुर जिले के ग्राम पंचायत ऐडका में हुआ था। मंगलवार को जन्म होने के कारण उनका नाम मंगल राम रखा गया। अपने गांव में चौथी तक पढ़ाई करने वाले वे एकमात्र व्यक्ति थे। 1954 में उन्हें वन विभाग में वन रक्षक की नौकरी मिली। उनकी मेहनत और लगन के कारण उन्हें पहले डिप्टी रेंजर और फिर रेंजर बना दिया गया। मंगलराम उसेंडी जी इस दौरान लगातार सामाजिक और राजनीतिक रूप से सक्रिय रहे।

समाज सेवा की ललक देखकर भाजपा ने उन्हें उत्तर बस्तर जिले का जिलाध्यक्ष बनाया दिया। शासकीय सेवा से त्यागपत्र देकर मंगलराम उसेंडी जी ने राजनीति में हाथ आजमाया और 1990 में कोंडागांव से विधायक बनकर क्षेत्र के विकास के साथ ही संगठन को भी ऊंचाइयों तक पहुंचाया। आदिवासी समाज से होने के साथ सक्रिय और मिलनसार होने के कारण आम लोगों के बीच उनकी गहरी पैठ थी। 1992 में अयोध्या आंदोलन के दौरान उन्होंने बस्तर के कारसेवकों के दल का नेतृत्व किया। 1993 में उन्होंने कोंडागांव को जिला बनाने की मांग को लेकर समिति का गठन किया। बोधघाट परियोजना सहित विकास के अनेक कार्य उनके समर्थन से पूरे हुए। उनके अधूरे सपनों को उनकी पुत्री पूर्व मंत्री व भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, विधायक लता उसेंडी आगे बढ़ा रही हैं।

25 दिसंबर 2022 को 87 साल की उम्र में वो देवलोक गमन कर गए। जनहित और संगठन के लिए मंगलराम उसेंडी जी सदैव कर्मठ, निष्ठावान और समर्पित रहे। श्रद्धेय श्री मंगलराम उसेंडी का योगदान हमेशा स्मरणीय रहेगा। ।•••

> *स्व. मंगलराम उसेंडी बस्तर में कार्यकर्ताओं के प्रेरणास्रोत रहे हैं। उन्होंने समजिक जीवन में जो एक पीढ़ी निर्माण का कार्य किया है, वह अतुलनीय है। उनके बताये मार्गों पर चलकर हम समाज उत्थान के लिए जुटेंगे। हम सबका यही एकमात्र संकल्प है।*
> **-दीपेश अरोरा,** भाजपा जिलाध्यक्ष, कोंडागांव

पत्रिका दीप कमल के इस अंक का पीडीएफ प्राप्त करने के लिए कृपया QR कोड स्केन करें।

**निवेदन**

दीप कमल से संबंधित कोई भी सुझाव या शिकायत हो तो आप नीचे दिए गए पते पर भेज सकते हैं। फोन या मोबाइल नंबर पर भी जानकारी दे सकते हैं। ईमेल भी कर सकते हैं। इसके अलावा आपके क्षेत्र में संगठन से संबंधित कोई गतिविधि या पत्रिका में प्रकाशन योग्य कोई समाचार हो, तो उसे भी निम्नलिखित माध्यमों से भेजने का आग्रह है।

**प्रबंध संपादक, दीप कमल, प्रदेश भाजपा कार्यालय, कुशाभाऊ ठाकरे परिसर**
डूमरतराई, रायपुर। (छत्तीसगढ़), मोबाइल नं. : 92016-33511, फोन : 0771-2233500
Email : mydeepkamal@gmail.com



## बस्तर ओलंपिक







RNI No.CHHHIN/2004/13926
डाक पंजी. क्रमांक : छ.ग./रायपुर संभाग/78/2023-25

# स्वागत वंदन अभिनंदन

